卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः ⁂ आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ⁂ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 105 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦20 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

मोदी ने 71 हजार युवाओं को दी सौगात

प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले में दिये युवाओं को दिये नियुक्ति पत्र

Ms. Suprabha Biswas, West Bengal

नई दिल्ली(उद संवाददाता)।प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान रोजगार मेला के तहत शुक्रवार को करीब 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिये। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम की शुरुआत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सरकारी विभागों और संगठनों में नए भर्ती किए गए लोगों के साथ बातचीत की। पीएम ने इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार जो कहती है वो करती है और ये रोजगार मेला इसी का एक बड़ा उदाहरण है। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे सुशासन की पहचान ये रोजगार मेला है। उन्होंने कहा कि 70 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार देने की केवल हमने बात नहीं की, बल्कि करके भी दिखाया है। पीएम ने कहा कि बदलते भारत में रोजगार ही नहीं स्वरोजगार का भी स्तर बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक समय था जब विभिन्न कारणों से नियमित पदोन्नति भी बाधित होती थी। उन्होंने कहा कि अब केंद्र सरकार की भर्ती प्रक्रिया में बदलाव हुए हैं। अब, केंद्र सरकार में भर्ती प्रक्रिया अधिक समयबद्ध और सुव्यवस्थित है। वहीं पीएमओ ने कहा कि रोजगार सृजन को मुख्य प्राथमिकता देने की प्रधनमंत्री की प्रतिबद्धता पूरी करने की दिशा में यह रोजगार मेला महत्वपूर्ण कदम है। रोजगार मेला रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण (शेष पृष्ठ 7 पर)

463 पदों पर भर्ती का अधियाचन वापस

देहरादून (उद संवाददाता)।सरकार की ओर से चलाए जा रहे समूह–ग भर्तियों के अभियान के बीच उत्तराखंड लोक सेवा आयोग को जो भर्ती 15 जनवरी के आसपास निकालनी थी, उसका अधियाचन ही विभागों ने वापस ले लिया है। विभागों का तर्क है कि उनकी सेवा नियमावली में संशोधन हो रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के बाद राज्य लोक सेवा आयोग समूह–ग की भर्तियों के लिए विशेष कैलेंडर जारी करके अभियान चला रहा है। इसके तहत आयोग पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा करा चुका है। पटवारी–लेखपाल भर्ती, फॉरेस्ट गार्ड भर्ती, सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक, बंदी रक्षक व कनिष्ठ सहायक के पदों पर भर्तियां निकाल चुका है। आयोग के कैलेंडर के हिसाब से जनवरी के दूसरे सप्ताह में कृषि, पशुपालन, उद्यान विभाग में चारा सहायक, खाद्य प्रसंस्करण शाखा, शाखा वर्ग–2, सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–3 के 463 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी करना था। इससे ठीक पहले उद्यान व अन्य विभागों ने अपने अधियाचन वापस मंगा लिए हैं। लिहाजा, फिलहाल यह भर्ती नहीं होगी। अधियाचन वापस मंगाने के पीछे विभागों ने तर्क दिया है कि उनकी सेवा नियमावली में संशोधन हो रहा है। संशोधन के बाद ही दोबारा आयोग को (शेष पृष्ठ सात पर)

पहाड़ों ने ओढ़ी बर्फ की चादर, ठंड से बढ़ी मुश्किलें

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में पहाड़ों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है। शुक्रवार सुबह प्रदेश के कई हिस्सों में बर्फबारी का नजारा देखने को मिला।बर्फभारी देख पर्यटक रोमांचित हो रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। वहीं देहरादून में गुरुवार देर रात से हो रही बारिश से हाड़ कंपाने वाली ठंड ने लोगों को घरों में रहने के लिए मजबूर कर दिया है। जोशीमठ के आपदा प्रभावित सुनील गांव में बर्फबारी से दिक्कतें बढ़ गईं हैं। बर्फबारी से तापमान लुढ़क गया है। राज्यभर में शीत लहर से जनजीवन प्रभावित हुआ है। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने से पूरा राज्य कड़ाके की सर्दी की चपेट में आ गया है। बादलों के डेरे के बीच चोटियों पर हिमपात का क्रम सुबह फिर शुरू हो गया। चारधाम समेत तमाम ऊंची चोटियों पर बर्फ की मोटी चादर बिछ गई है। जबकि, निचले इलाकों में सर्द हवाओं ने कंपकंपी बढ़ा दी है। मसूरी और धनोल्टी में इस सीजन का दूसरा हिमपात हुआ है। मसूरी में देर रात बारिश भी हुई। जिसके बाद चार दुकान और लाल टिब्बा में मौसम का दूसरा हिमपात हुआ। समीपवर्ती धनोल्टी, बुरांशखंडा, सुरकंडा और नागतिब्बा में भी हिमपात हुआ है। चमोली जिले में भी बर्फबारी हुई। यहां औली, जोशीमठ, बदरीनाथ, हेमकुंड, सहित नीती माणा घाटी में बर्फबारी हुई है। केदारनाथ में चौथे दिन शुक्रवार को भी बर्फबारी हुई है। रुद्रप्रयाग जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश हो रही है। चकराता में भी बर्फबारी हुयी है। उत्तरकाशी में गंगोत्री यमुनोत्री धाम सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जमकर बर्फबारी हुयी है। उत्तरकाशी जनपद के 50 से अधिक गांव बर्फ की चादर से ढक गए हैं। अधिकांश गांवों का संपर्क भी कट गया है। गंगोत्री हाईवे गंगनानी से आगे गंगोत्री तक बर्फबारी के कारण बाधित है। उत्तरकाशी श्रीनगर केदारनाथ को जोड़ने वाला मोटर मार्ग भी चौरंगी के पास बर्फबारी के कारण बंद हो गया है। बीती रात को देहरादून जिले के जौनसार बावर के ऊंचाई वाले ग्रामीण इलाकों में बर्फबारी होने से यातायात (शेष पृष्ठ सात पर)

पूर्व मंत्री के पुत्र पर महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व मंत्री दिनेश धनै के पुत्र कनक धनै पर देहरादून निवासी महिला ने दुष्कर्म और मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार देहरादून निवासी महिला ने कनक धनै पुत्र दिनेश धनै के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि कनक धनै ने इंस्टाग्राम के जरिये उसके साथ दोस्ती की। इसके बाद दोनों की कई मुलाकातें हुयी। महिला ने बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला ने कनक धनै पर धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

चोरों ने बंद घर से उड़ाया लाखों का माल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में चोरी के मामले थम नहीं रहे हैं। अज्ञात चोरों ने साईं होम्स कालोनी में एक घर को खंगालकर वहां से लाखों रूपये का सामान चोरी कर लिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में फैजान कुरैशी पुत्र मो. युनूस निवासी साई होम्स कालोनी, भमरौला ने कहा है कि 19 जनवरी को सुबह वह रामपुर से अपने घर साई होम्स कालोनी आया तो देखा कि उसके घर की दुकान का शटर कटा हुआ था। जल्दी से अपने घर में गया तो वहां सामान तितर बितर हुआ पड़ा था और कैमरों का डीवीआर सहित घर में मौजूद टीवी, वाशिंग मशीन, इन्वर्टर, बडी मोटर, सोने की बाली, हार, पीतल के बर्तन, सिलेण्डर सहित अन्य सामान भी गायब था। अलमारी टूटी हुई थी और सन्दूक के सारे बर्तन गायब थे। अज्ञात चोरों ने घर का उक्त सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बर्फबारी के बीच कार खाई में गिरी,तीन छात्र घायल

देहरादून (उद संवाददाता)। मसूरी धनौल्टी मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। कार में तीन लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर घायलों को बाहर निकाला है। तीन युवक कार के अंदर फंसकर घायल हो गए थे। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार मसूरी धनौल्टी मार्ग पर एक स्विफ्ट डिजायर यूके 08 एक्स 3677 कार अनियंत्रित होकर 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस 108 एंबुलेंस, फायर सर्विस मौके पर पहुंची । गहरी खाई में गिरे तीनों युवकों को (शेष पृष्ठ सात पर)

21 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में एनएनटीएफ और रूद्रपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने 21 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी के निर्देश पर जिले भर में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एएनटीएफ ऊधम सिंह नगर और थाना रुद्रपुर पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लम्बाबड रोड अमरुद के बाग के पास शानू पुत्र अहमद शाह निवासी मो० साहूकारा थाना बिलासपुर के कब्जे से को 21 ग्राम स्मैक बरामद कर उसे तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। बरामदा स्मैक के सम्बन्ध में आरेपी ने बताया वह स्मैक अपने ही गांव के रजी नाम के व्यक्ति से लेकर आया था और अमरपुर रुद्रपुर निवासी मनप्रीत राणा को देने आ रहा (शेष पृष्ठ सात पर)

वाहन चोर दबोचा,चार बाइकें बरामद

काशीपुर (उद संवाददाता)। लम्बे समय से दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे एक वाहन चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की चार बाइकें बरामद की है। खुलासा करते हुए एसपी अभय सिंह ने बताया कि दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं के अनावरण के लिए क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने वाहन चोरों का पता लगाने के लिए करीब 30 सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जिसके बाद मामले में मोहम्मद अब्बास पुत्र छुटवा निवासी भगतपुर टांडा थाना भगतपुर मुरादाबाद को एक बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। कड़ी पूछताछ करने पर उसकी निशानदेही पर संडे मार्केट से एक किलमोमीटर आगे कुंडेश्वरी रोड के पास खाली मैदान के अंदर झाड़ियों में छुपाकर रखी गयी तीन अन्य बाइकें भी बरामद की गयी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण वह काफी समय से मोटरसाईकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने किया राहत शिविरों का निरीक्षण

प्रभावित लोगों ने की टनल में ब्लास्टिंग करने की शिकायत

जोशीमठ। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने जोशीमठ पहुंचकर भू-धंसाव से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि भू-धंसाव से कई आवासीय भवनों में दरारें आने से असुरक्षित घोषित किए गए हैं। 20 साल पहले जब मैं जोशीमठ आता था तो इस बात की चर्चा होती थी कि जोशीमठ धंस रहा है। बहुमंजिला भवन बनाए गए हैं। ये भवन किसकी अनुमति पर बने हैं, इसकी जांच की जाएगी। महाराज ने कहा कि केंद्रीय गृह व रक्षा मंत्री को पत्र भेज कर जोशीमठ में सेना और आईटीबीपी के कैंप में सीवरेज सिस्टम बनाने का आग्रह किया जाएगा। आपदा से प्रभावित परिवारों को क्षति का आकलन के बाद भी सरकार की ओर से पूरी मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार आपदा से निपटने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भी पूरा विश्वास दिलाया है कि वह प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता करेंगे। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने बृहस्पतिवार को जोशीमठ में राहत शिविरों का निरीक्षण किया और प्रभावितों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों की यहां जरूरत है सिर्फ वही जोशीमठ में रुकें। अनावश्यक कमरे न घेरें, जिससे प्रभावित परिवारों को कमरे मिल सकें। सतपाल महाराज ने जोशीमठ की स्थिति का जायजा लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को फोन पर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जोशीमठ की खबरें मीडिया में आने से अधिकांश पर्यटक उत्तराखंड के अन्य जगह की भी बुकिंग रद्द कर रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि जोशीमठ को छोड़कर पूरा उत्तराखंड सुरक्षित है। सरकार औली में शीतकालीन खेलों को संपन्न कराने का भी प्रयास करेगी। वहीं कैबिनेट मंत्री ने मनोहर बाग, गांधी नगर, नृसिंह मंदिर, जेपी कॉलोनी सहित अन्य जगह पर प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर काम करेंगे और जल्द ही इस आपदा से उभरेंगे। मंत्री ने प्रभावितों से सरकार की तरफ से हरसंभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने ध्वस्त किए जा रहे होटलों और लोनिवि के गेस्ट हाउस का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, बदरीनाथ के पूर्व धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल, देवाल के ब्लॉक प्रमुख दर्शन दानू, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष गजेंद्र रावत के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे। जोशीमठ भू-धंसाव के बाद सरकार ने एनटीपीसी की जलविद्युत परियोजना समेत सभी निर्माण कार्यों पर रोक लगाई है। प्रभावितों की मानें तो परियोजना की सुरंग में ब्लास्टिंग की जा रही है। बृहस्पतिवार को जोशीमठ प्रभावितों क्षेत्रों का जायजा लेने पहुंचे कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज से प्रभावित लोगों ने ब्लास्टिंग करने की शिकायत की है। कैबिनेट मंत्री महाराज ने जोशीमठ शहर के सिंहधार, नृपसिंह मंदिर, गांधीनगर, जेपी कॉलोनी (मारवाड़ी) आदि स्थानों में भू-धंसाव की जद में आए मकानों का निरीक्षण किया। इसके बाद नगर पालिका और गुरुद्वारे में चल रहे राहत शिविरों की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रभावित परिवारों ने महाराज को अवगत कराया कि एनटीपीसी परियोजना की सुरंग में आपदा के बाद भी काम चल रहा है। आज भी सुरंग के अंदर ब्लास्टिंग की जा रही है। इस पर महाराज ने मुख्यमंत्री से दूरभाष पर बात कर प्रभावितों की शिकायतों से अवगत कराया। महाराज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावितों को हर संभव मदद दी जाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रभावितों को 50-50 हजार रुपये की तत्काल सहायता दी गई है। क्षति का आंकलन करने के बाद सरकार पूरी मदद करेगी।

भू धंसाव के बारे में सोशल मीडिया की खबरों से पर्यटकों में जा रहा गलत संदेश: सीएम

ड्रेनेज एवं सीवर सिस्टम के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया जाए

पुनर्वास और मुआवजे के लिये स्थानीय लोगों से प्रस्ताव मांगे जायेंगे

देहरादून(उद संवाददाता)। जोशीमठ भू-धंसाव को लेकर देश में विभिन्न जगहों पर बैठे कुछ लोग सोशल मीडिया पर उत्तराखंड की स्थिति को भयावह दर्शा रहे हैं। वे जोशीमठ समेत पूरे प्रदेश के बारे में ऐसा दर्शा रहे हैं कि यह खतरे में है और डूब रहा है। जबकि वास्तव ऐसा कुछ नहीं है। जोशीमठ में ही 70 फीसदी लोग सामान्य जीवन जी रहे है। राज्य सचिवालय में मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने जोशीमठ भू-धंसाव के बारे में सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही खबरों पर चिंता जाहिर की। सबसे बड़ी बात यह है कि देश भर के लोग ट्वीटर और सोशल मीडिया के माध्यम से उत्तराखंड की स्थिति को बहुत भयावह दर्शा रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि ऐसी स्थिति नहीं है। गलत खबरों से उत्तराखंड में ही नहीं पूरे देश में नकारात्मक संदेश जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में हर साल लाखों की संख्या में लोग आते हैं। ऐसे गलत संदेश नहीं जाने चाहिए कि उनमें गलत संदेश न जाए। उन्होंने अपील की कि देश के विभिन्न स्थानों पर बैठकर इस प्रकार के संदेश देना बंद करें। वहीं मुख्यमंत्री ने शहरों को श्रेणीवार चिह्नित करते हुए इनकी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावितों को नई जगह पर बसाने और मुआवजे के विषय में स्थानीय निवासियों से प्रस्ताव लेकर ही आगे बढ़ा जाएगा। बैठक में सचिव आपदा प्रबंधन रंजीत सिन्हा ने मुख्यमंत्री को जोशीमठ में भूधंसाव के कारणों की जांच के साथ ही राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए उठाए जा रहे कदमों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जोशीमठ में गुरुवार तक कुल 259 परिवारों को विस्थापित किया गया है। अब प्रभावित परिवारों की कुल संख्या 867 हो गई है। सचिव आपदा प्रबंधन ने बताया कि गुरुवार को फिलहाल किसी नए घर में दरार नहीं पाई गई। जोशीमठ के प्रभावित भवनों में लगाए गए क्रेकोमीटर में दरारों की चौड़ाई में बीते तीन दिनों में बढ़ोतरी न होने के संकेत मिले हैं। इसे सकारात्मक माना जा रहा है। हालांकि जेपी कालोनी के निकट फूटी जलधारा का प्रवाह तेज हो गया है। इसका प्रवाह 24 घंटे में 100 लीटर प्रति मिनट (एलपीएम) से बढ़कर 150 एलपीएम हो गया है। प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग के बंगले को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया है, जबकि दो होटलों को खाली कराते हुए लाल निशान लगाकर नोटिस दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जोशीमठ भूधंसाव के कारणों को लेकर तकनीकी संस्थानों एवं विज्ञानियों की रिपोर्ट आते ही आगे की योजना पर तेजी से कार्य किया जाएगा। उन्होंने पर्वतीय नगरों में ड्रेनेज व सीवर सिस्टम की प्रभावी व्यवस्था करने और सभी जिलों में प्रभावी शहरी विकास योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ में चल रहे राहत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जोशीमठ के भूधंसाव की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद इसके उपचार के लिए तेजी से कार्य किए जाएं। जोशीमठ के प्रभावित क्षेत्र से जिन परिवारों को विस्थापित किया जाएगा, उन्हें सरकार की ओर से बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन शहरों में समुचित ड्रेनेज प्लान एवं सीवर सिस्टम नहीं हैं, उनके ड्रेनेज एवं सीवर सिस्टम के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पर्वतीय क्षेत्रों में प्रत्येक घर ड्रेनेज व सीवर लाइन से जुड़े। यहां सोकपीट व्यवस्था पूरी तरह समाप्त की जाए।

जोशीमठ प्रभावितों के लिए राहत कोष में दिये पांच लाख

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने भेंट की। उन्होंने जोशीमठ में भूधंसाव क्षेत्र में प्रभावितों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 5 लाख रुपए का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा।

देवभूमि
उत्तराखंड

यह धनराशि श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष किशोर पंवार के एक माह के वेतन तथा अधिकारियों व कर्मचारियों के एक दिन के वेतन से दी गई। इस अवसर पर श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति मुख्य कार्यकारी अधिकारी योगेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे।वहीं भू-धंसाव के संकट से घिरे जोशीमठ के प्रभावित परिवारों की रायशुमारी से ही नया जोशीमठ बसेगा। प्रदेश सरकार एक मॉडल हिल टाउन बनाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना को निर्देश दिए है कि वे नए जोशीमठ, वन टाइम सेटलमेंट या किसी अन्य विकल्प के संबंध में प्रभावित परिवारों के सुझाव लेकर अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द शासन को भेजें।

गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों की बनाई रूपरेखा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह ने कहा कि जनपद में गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। प्रमुख राजकीय भवनों को 25 व 26 जनवरी को सांय 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक कम वोल्टेज के बल्बो, एलईडी के माध्यम से प्रकाशमान किया जायेगा। 26 जनवरी को जनपद के सभी कार्यालयों में प्रात: 9:30 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन में आयोजित किया जायेगा। पुलिस लाईन में ध्वजारोहण मुख्य अतिथि द्वारा पूर्वान्ह 11 बजे किया जायेगा। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस परेड के साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा झांकी निकाली जायेगी। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों आदि को सम्मानित भी किया जायेगा। उन्होंने गणतंत्र दिवस को पूर्ण हर्षोल्लास से मनाने हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश, अधिशासी अधिकारियों, मुख्य उद्यान अधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये। बैठक में ट्रेनी आईएएस अनामिका, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, डीएसपी आरडी मठपाल, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन आरएस धपौला, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी आदि उपस्थित थे।

नृसिंह मंदिर व मंदिर की परिसंपत्तिया सुरक्षित : अजेंद्र

जोशीमठ । नृसिंह मंदिर परिसर स्थित आदिगुरू शंकराचार्य के गद्दीस्थल व मठ की दरारें बढ़ रही हैं। साथ ही नृसिंह मंदिर परिसर का एक हिस्सा धंस रहा है। लेकिन बीकेटीसी का कहना है कि सभी धार्मिक धरोहरें पूरी तरह से सुरिक्षत हैं। खतरे की कोई बात नहीं है। इस पूरे क्षेत्र का विशेषज्ञों से जल्द सर्वेक्षण कराया जाएगा, जिसके लिए शासन से पत्राचार किया जा रहा है। शीतकाल में आदिगुरू शंकराचार्य की गद्दी नृसिंह मंदिर परिसर स्थित आदिगुरू शंकराचार्य गद्दीथल में रहती है। यहां समिति द्वारा नियमित रूप से पूजा-पाठ व यज्ञ-हवन किया जाता है। लेकिन यह धार्मिक क्षेत्र भी भूधंसाव की चपेट में आ रहा है, जिससे यहां गद्दीस्थल की बाहरी व अंदर की दीवारों पर दरारें पड़ रही हैं। कई दरारों का आकार तेजी से बढ़ रहा है। साथ ही नृसिंह मंदिर परिसर के एक हिस्से में भूधंसाव हो रहा है। इन धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। बीते दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी जोशीमठ के स्थलीय निरीक्षण के दौरान आदिगुरू शंकराचार्य गद्दीस्थल व नृसिंह मंदिर परिसर का जायजा लिया था। उन्होंने कहा था कि इन धार्मिक धरोहरों के संरक्षण के लिए उचित इंतजाम किए जाएंगे। लेकिन अभी तक यहां सुरक्षा के कोई इंतजाम होते नजर नहीं आ रहे हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय का कहना है कि दरारें नई नहीं हैं। साथ ही समिति पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए है। किसी भी स्तर पर खतरे की कोई बात नहीं है। वहीं नृसिंह मंदिर में मौजूद भगवान बदरीनाथ के खजाना को अन्यत्र शिफ्ट नहीं किया जाएगा। मंदिर व अन्य परिसंपत्तिया अभी तक पूरी तरह से सुरक्षित है। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति का कहना है कि वह हालातों पर पूरी नजर रखे हुए हैं। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि दरारों से प्रभावित जोशीमठ में स्थिति काफी नाजुक है लेकिन नृसिंह मंदिर सुरक्षित है। इसलिए, भगवान बदरीनाथ का खजाना अन्यत्र शिफ्ट करने की अभी कोई योजना नहीं है। उन्होंने बताया कि स्थानीय हालातों की प्रत्येक दिन की जानकारी प्राप्त की जा रही है। अगर, जोशीमठ की स्थिति बहुत ज्यादा गंभीर हुई तभी खजाना को अन्यत्र शिफ्ट किया जाएगा। खजाना को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने को लेकर समिति को पांडुकेश्वर से भी प्रस्ताव मिला है।

सड़क किनारे महिला का शव मिलने से सनसनी

नैनीताल। शहर के समीपवर्ती दोगांव क्षेत्र में सड़क किनारे महिला का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए और पुलिस को इत्तला किया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर मोर्चरी में रखवा दिया है। तीन दिन बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव के चेहरे की चमड़ी उधड़ी हुई है। जोकि किसी जानवर द्वारा खाया प्रतीत हो रहा है। सड़क किनारे शव पड़ा होने से मामला संदिग्ध बना हुआ है। बता दें कि गुरूवार दोपहर दोगांव क्षेत्र में राहगीरों ने सड़क किनारे एक महिला का शव पड़ा हुआ देखा। जिसके बाद तत्काल ज्योलीकोट पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुचें। पुलिस ने पाया कि पैराफिट के किनारे महिला का शव पड़ा हुआ है। जिसकी तलाशी लेने पर शिनाख्त के लिए कोई सामान बरामद नहीं हुआ। सूचना पर तल्लीताल एसओ रोहिताश सिंह सागर भी मौके पर पहुंच गए। एसओ ने बताया कि प्रथम दृष्टिया मामला संदिग्ध लग रहा है। शव के चेहरे की चमड़ी उधड़ी हुई है। संभवत: किसी जंगली जानवर ने शव को खाने का प्रयास किया हो। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पंचमाना कर शव मोर्चरी में रखवा दिया है। तीन दिन बाद पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता लग पाएगा।

विद्युत विभाग में लाखों की हेरा फेरी ,मुकदमा दर्ज

गदरपुर(उद संवाददाता)। दो माह पूर्व उपभोक्ताओं से वसूल किए गए,बिजली बिलों की राशि में गबन करने के आरोपी राजस्व संग्रह कर्ता के विरुद्ध पुलिस द्वारा केस दर्ज कर जांच शुरू की है उक्त मामले में मुख्य आरोपी पुर्ष्पेंद्र शर्मा के खिलाफ पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया। ज्ञात हो कि विद्युत वितरण खंड गदरपुर के तत्कालीन एसडीओ फरमान हैदर जैदी ने 3 अगस्त 2022 को राजस्व संग्रह कर्ता पुष्पेंद्र शर्मा के विरुद्ध बिजली के बिलों की जमा करीब 13 लाख चार हजार की धनराशि सरकारी खाते में जमा नहीं किए जाने की बात का खुलासा किया था स मामला संज्ञान में आने पर विभाग ने पुष्पेंद्र शर्मा के अलावा 3 विद्युत कर्मियों को निलंबित करते हुए विभागीय जांच बिठाई थी जांच के दौरान कमेटी ने बिजली के बिलों की लाखों रुपए की धनराशि में गड़बड़ी होना पाया गया था।उपखण्ड गदरपुर ने नवंबर 2022 को पत्र के माध्यम से पुष्पेंद्र शर्मा को 73 लाख 50715 रुपए की धनराशि 3 दिन के अंदर जमा करने की संस्तुति की थी ।विभागीय आदेशानुसार खंड अधिकारी आलोक सचान ने बीती 24 नवंबर 2022 को पुलिस को सौंप कर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी थानाध्यक्ष राजेश पांडे ने बताया कि आरोपी पुष्पेंद्र शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

शीघ्र आवश्यकता है
SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI
LIMITED (BANKING SERVICES) को

1.**रिसेप्शनिष्ट(महिला)**-(1),**योग्यता**-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**-(1)**योग्यता**-B.C.A. /बी.कॉम, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**- (25), **योग्यता**-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव (महिला एवं पुरूष) -पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।

पता-7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com

आशीष छाबड़ा की माता का निधन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के प्रवक्ता एवं समाजसेवी फुलसुंगी निवासी आशीष छाबड़ा की माताजी श्रीमती सरला देवी का शुक्रवार दोपहर को आकस्मिक निधन हो गया। वह 65 वर्षीय की थी। श्रीमती सरला देवी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थी। बरेली के श्री राममूर्ति अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। आज दोपहर उन्होंने उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। दिवंगत सरला देवी राधा स्वामी सत्संग से जुड़ी थी और धार्मिक और सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहती थी। वह अपने पीछे तीन पुत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनके बड़े पुत्र आशीष छाबड़ा राजनीति में सक्रिय हैं। जबकि छोटे पुत्र विशाल छाबड़ा का जनता इंटर कालेज रोड पर फर्नीचर का शोरूम हैं। वहीं अभिषेक छाबड़ा फुलसुंगी में किराना का व्यवसाय चलाते हैं। श्रीमती सरला देवी के निधन का समाचार सुनकर तमाम लोगों ने उनके पति और पुत्रों सहित शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

वाटर प्रूफिंग

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
- दांतों की नसों का इलाज / RCT
- फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
- नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
- टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
- दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
- सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling

डा. गगनदीप गुम्बर
B.D.S.,PGDHA
(Oral Implantologist)
M.9837081085

डा. अमनप्रीत सिंह अरोरा
B.D.S.,(Dental Surgeon)
M.9997327642

(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur

जिले में वृहद स्तर पर चलाया जाये नशा मुक्ति अभियान: मिश्रा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस) एक्ट 1985 के अन्तर्गत गठित जनपद स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। सीडीओ ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद में अफीम, खस-खस पोस्त की अवैध खेती करने वालों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अफीम की अवैध खेती की शिकायत मिलने पर पुलिस तथा राजस्व विभाग द्वारा तत्काल कार्यवाही अमल में लाई जाये और खेती को तत्काल नष्ट किया जाये। उन्होने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में टास्क फोर्स बनाकर नशे का करोबार करने वालों के खिफाल निरन्तर छापेमार अभियान चलाया जाये। उन्होने कहा कि यदि कोई ड्रग्स, गांजा, चरस, अफिम आदि का कारोबार करते हुये पाया जाता है तो उसके खिलफ गैंगस्टर की कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित की प्रोपर्ट्री जप्त की जाये। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कॉलेजो में मेंटल हेल्थ कैम्प लगाये व युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करें। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि सभी मेडिकल स्टोरो पर सीसीटीवी कैमरें लगाने हेतु मेडिकल स्वामियों को निर्देशि किया जाये। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद में मादक पदार्थों की डिमाण्ड खत्म हो और मार्केट में उपलब्ध न हो इस पर विशेष तौर पर कार्य करें। सीडीओ ने कहा कि जनपद में मादक पदार्थों की डिमाण्ड खत्म करने के लिए जन- जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाये तथा जन-जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल, कॉलेजों आदि के साथ ही युवा पीढ़ी को जागरूक करने पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में वृहद स्तर पर नशा मुक्ति अभियान चलाया जाये।उन्होने कहा कि सिडकुल क्षेत्र व लेबर अडडो पर पोस्टर, होर्डिंग्स आदि के माध्यम से जागरूक किया जाये। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जागरूकता हेतु स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाये व स्लोगन बुक तैयार कर सभी विद्यालयों में प्रतिदिन प्रार्थना सभा में स्लोगन के माध्यम से बच्चों/ युवाओं को जागरूक किया जाये। उन्होने कहा कि आगामी 26 जनवरी को स्कूलों में नशा मुक्ति पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जाये व शपथ भी दिलाई जाये। सीडीओ ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग व एनजीओ मिल कर नगर निमग, नगर पालिका, नगर पंचायतों में जाकर स्वच्छता अभियान के साथ-साथ नशा मुक्ति हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाये।बैठक में प्रशिक्षु आईएएस अनामिका सिंह, एसपी सिटी मनोज कत्याल, मुख्य मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, ड्रग्स स्पेक्टर नीरज कुमार, एसीएमओ डॉ0 राजेश आर्या, जिला आबकारी अधिकारी हरीश चन्द्र, सदस्य एनडीपीएस अनुज अग्रवाल, नेहा वर्मा सहित अन्य समिति सदस्य मौजूद थे।

मन की व्यथाएं....
सबके अपने अपने हिस्से के दर्द
कौन सुनाए अपनी भावनाएं
क्या कहे ,क्या न कहे,
क्या कह सके ,अपने मन की
अगिनित व्यथाएं
क्या करे परिमार्जन अपने जीवन मे
फिर भी अव्यक्त सी रहती
हदय की सिहरन
कहती, कुछ कहे,कुछ सुनाएं या
फूट पड़े किसी ज्वालामुखी की
तरहजिससे हल्की हो मन की पीड़ाएं
यही उथल,पुथल मे धिरा रहता
अवचेतन मन फिर सोचता
क्या होगा फायदा खुद को कमजोर,
निराश करके,उलझा
इसी कशमकश मे
क्या होगा जग हंसाई करके
फिर सोचता हू रहरहकर
यू ही जीऊगा यू ही मरूगां
खुद ही मजबूत बनके
जीवन के कालकूट विष,
तमस को हरुगा, सकारात्मकता,
आत्मविश्वास के संबल से।।

नरेश छाबड़ा,रूद्रपुर

छोटा हाथी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों भूरारानी मार्ग पर बाईक सवार को टक्कर मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर देने के बाद फरार हुए छोटा हाथी वाहन चालक के खिलाफ रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में मो. अली पुत्र स्व0 शेरअली निवासी ग्राम लखीमपुर थाना खजुरिया तहसील बिलासपुर जनपद रामपुर ने कहा है कि उसका छोटा भाई मो. कौशर रुद्रपुर में किराये पर रहकर कारपेंटरी का काम करता है। 10 जनवरी की दोपहर वह कमरे से मोटर साइकिल से सिटी वन कलोनी, भूरारानी रोड काम करने जा रहा था। रास्ते में भूरारानी रोड पर छोटा हाथी संख्या यूके 04 सीए 5482 के चालक ने भाई की मोटर साइकिल में टक्कर मार दी जिससे भाई मो कौशर के सिर व शरीर में गंभीर चोटे आयी है। उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुँचाया तो डाक्टरों ने उसकी गम्भीर हालत देखते हुये रिफर कर दिया। टक्कर मारने के बाद छोटा हाथी का चालक मौके से वाहन सहित भाग गया ।

हेली सेवा पर अड़ंगा लगाने से वंचित हो रहे यात्री

जिले से नियमित हो सकती है देहरादून और पंतनगर के लिए हवाई सेवा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। उत्तरायणी मेले में नगर पालिका व जिला प्रशासन द्वारा पहली बार हेली सेवा प्रारंभ की परंतु यह कई लोगों को शायद रास नहीं आई। वही हर कोई जिले से नियमित हवाई सेवा चलने का इंतजार कर रहा है। वही डीएम अनुराधा पाल द्वारा इसे एक प्रयोग के रूप में भी देख रही है। उनकी मंशा आमजन में हवाई सेवा के नियमित संचालन और प्रदेश मुख्यालय और पंतनगर के लिए हेलीकाप्टर सेवा लोगों को जल्द उपलब्ध कराने की है। डीएम की विशेष पहल से पालिका द्वारा मेले में हेली सेवा के प्रति लोगों का रुझान भी जानने का प्रयास किया जा रहा है।वही हेलीकाप्टर कंपनी के एमडी बागेश्वर से देहरादून के लिए नियमित सेवा प्रारंभ करने की मंशा जता चुके हैं वहीं इससे पूर्व ही इस पर कई बाधाएं आ रही हैं। दो दिन में गुरूवार को तीसरी बार यह सेवा बाधा का शिकार बनी तथा कंपनी को 33 यात्रियों का टिकट वापस करना पड़ा। पालिका के अनुसार उन्हें पांच लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। पालिका व प्रशासन के प्रयास से 15 जनवरी से इस बार उत्तरायणी मेले में मेलावधि के दौरान नगर भ्रमण के लिए हेलीकाप्टर सेवा प्रदान की गई। जिसे अचानक बुधवार की सुबह छात्र संघ के पदाधिकारियों ने रोक दिया । जिससे पूरे दिन हेली सेवा नहीं चल पाई सायंकाल जिलाधिकारी द्वारा छात्र संघ कीमांग पर एक लाख देने के बाद छात्र माने ही थे कि छात्रसंघ के दूसरे गुट ने गुरूवार की सुबह सेवा बाधित कर दी जो बाद में उपजिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद शांत हुए। गुरूवार की दिन तक सब कुछ सही चला परंतु सायंकाल अचानक सेवा बाधित कर दी गई तथा कंपनी को 33 यात्रियों के टिकट वापस करने पड़े। जिससे हेलीसेवा का आनंद लेने आए यात्रियों को मायूस होना पड़ा। हेलीसेवा किसने और किस कारण से रोकी गई यह अब भी चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि हवाई सेवा को लेकर कुछ लोग राजनीति से प्रेरित होर ऐसे कर रहे है। बहरहाल जिला प्रशासन को भी हवाई सेवा संचालित करने के लिये नई कार्ययोजना बनाने की जरूरत है। जबकि मेला समिति के सदस्यों का कहना है कि हवाई सेवा को रोकने का औचित्यहीन प्रयास उचित नहीं है। सभी वर्गो को आपसी सहमति बनाकर सेवा का संचालन करने के लिये आगे आना होगा और जनपद के लोगों को हवाई सेवा से वंचित नहीं करना चाहिये।

Anant Graphics
ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us
98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

नवनियुक्त भाजपा मण्डल अध्यक्षों का जोरदार स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा के कैम्प कार्यालय पर तीनों मण्डल अध्यक्षो का जोरदार स्वागत किया गया। उत्तरी मण्डल से धीरेश गुप्ता दक्षिणी से धर्म सिंह कोली ओर ग्रामीण से एक बार फिर हरीश भट्ट पर पार्टी ने विश्वास व्यक्त किया। विधायक शिव अरोरा के कार्यालय पर तीनों अध्यक्षों का ढोल नगाड़ों आतिश बाजी फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत हुआ। विधायक शिव अरोरा निजी कार्य से क्षेत्र से बाहर है उन्होंने तीनो मण्डल अध्यक्षो को दूरभाष के माध्यम से शुभकामनायें दी कहा कि तीनों मण्डल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी की रीति नीतियों को आगे ले जाते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस दौरान प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी की खासियत है जो हर कार्यकताओ को उनकी योग्यता अनुसार जिमेदारी देती है और तीनों मण्डल अध्यक्षो के पास संगठन का काफी लंबा अनुभव है जो पार्टी के कार्य मे लाभकारी सिद्ध होगा। जिला महामंत्री अमित नारंग ने कहा भाजपा हर वर्ग का सम्मान करती है और तीनों मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में रुद्रपुर विधानसभा के कार्यकर्ता पहले से ओर मजबूत होकर लोकसभा से लेकर निकाय चुनाव में जुटेगे। वही वेद ठुकराल ने तीनो मण्डल अध्यक्षो को मिष्ठान खिलाकर उनके उज्जवल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्वागत करने वालो में भाजपा नेता सुरेश कोली, यशपाल घई, राजेंद्र श्रीधर,राजकुमार साह, राधेश शर्मा, रामप्रकाश गुप्ता, मयंक कक्कड़, राजकुमार कोली, महेश कोली, भूपराम, मदन दिवाकर, बलाई विश्वास, गीता भरद्वाज, किरण राठौर, आयुष चिल्लाना, जगदीश विश्वास, जगदीप घुम्मन, दीपक दिवाकर, कविता सागर, मुकेश पाल, डी के गंगवार, सोनू वर्मा, रोबिन विश्वास, शंकर विश्वास, आदेश भरद्वाज, विपिन कोली व अन्य लोग मौजूद रहे।

फैक्ट्री में छापेमारी,भारी मात्रा में पकड़ा सिंगल यूज प्लास्टिक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत के निर्देशन में सिडकुल के सेक्टर आईआईडीसी में स्थित जय दुर्गा पैकर्स फैक्ट्री में उपजिलाधिकारी प्रत्युष सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन, सिडकुल प्रशासन, नगर निगम एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने संयुक्त रूप से छापेमारी की कार्यवाही की गई, जिसमें भारी मात्रा में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद हुआ। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने छापेमारी की कार्यवाही करने वाली टीम को 10 हजार रुपये ईनाम देने की घोषणा की। उपजिलाधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 5 लाख का जुर्माना लगाया गया तथा अन्य कार्यवाही गतिमान हैं। इस दौरान आरएम सिडकुल मनीष बिष्ट, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी नरेश गोस्वामी, एसएनए दीपक गोस्वामी, एसआई अमित नेगी, आदि उपस्थित थे।

स्कूटी सहित वाहन चोर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पडाव चौकी पुलिस ने चोरी की स्कूटी सहित वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी का अनुसार घनश्याम तिवारी द्वारा कोतवाली में रपट दर्ज कराई कि उसने अपनी स्कूटी सख्या न्न04ʹ 9845 को पटेल चौक पवन मेडिकल के सामने खडी की थी। जब वह शाम को अपने काम से वापस आया तो उसकी स्कूटी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वहा से चोरी कर ली गई थी। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जगदीश नेगी चौकी प्रभारी मंगलपड़ाव कर रहे थे। उनके द्वारा घटना स्थल के आसपास के संभावित सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग का निरीक्षण किया गया। चौकी प्रभारी उनि जगदीप सिंह नेगी चौकी प्रभारी के नेतृत्व में आरक्षी संतोष बिष्ट व भूपाल सिंह ने विभिन्न साक्ष्यों के आधार पर स्कूटी चोर लकी सिंह पुत्र प्रदीप सिंह निवासी टाकुला अल्मोड़ा को हौंडा बाईपास के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसे आज माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत भेजा गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास की जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि अभियुक्त पूर्व में भी वाहन चोरी की घटना में ही जेल जा चुका है।

नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों का किया जोरदार स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा उत्तरी मण्डल के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता और दक्षिणी मण्डल के धर्म सिंह कोली का नगर निगम में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में मेयर रामपाल सिंह की अगुवाई में भाजपाईयों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि रूद्रपुर के दोनों मण्डलों में तेजर्रार और जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है। धीरेश गुप्ता और धर्म सिंह कोली को नगर की कमान मिलने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और इसका लाभ आगामी निकाय चुनाव में भी मिलेगा। मेयर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है इसमें हर कार्यकर्ता को पूरा सम्मान दिया जाता है जो भी कार्यकर्ता मेहनत और ईमानदारी से पार्टी में रहकर अपनी सेवाएं देता है उसे निश्चित ही आगे बढ़ने का मौका मिलता है। धीरेश गुप्ता और धर्म सिंह कोली को भी पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा का फल मिला है। मेयर ने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आहवान भी किया। नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता और धर्म सिंह कोली ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गयी है उस पर पूरी निष्ठा से कार्य करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगामी चुनावों में पार्टी का पुनः परचम लहराने के लिए पूरी ताकत के साथ काम किया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, जिला महामंत्री अमित नारंग, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, सुरेश परिहार, विवेक सक्सेना, राधेश शर्मा, पार्षद प्रमोद शर्मा, जितेंद्र यादव, किरण राठौर,आयुष तनेजा, रंजीत सागर, संतोष पाल,भुवन गुप्ता, शैलेंद्र रावत, डॉ राकेश सिंह, विनय विश्वास, बलाई विश्वास, अनीता बरेठा,कविता सागर, सतपाल गंगवार, भूपराम लोधी, रामअवतार शर्मा, नरेश सागर, गिरीश राठौर, विजय डे, सुरेश विश्वास, वेद प्रकाश मौर्या, राजेंद्र राठौर, जितेंद्र कोली, वीरू कोली, आनंद गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

भर्ती घोटालों के खिलाफ उत्तराखंड युवा एकता मंच ने किया गोलजू न्याय यात्रा का ऐलान

30 को निकलेगी न्याय यात्रा,31को लगेगी न्याय की अर्जी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड युवा एकता मंच ने हल्द्वानी बुद्ध पार्क में उत्तराखंड के तमाम बेरोजगारों सहित तमाम राजनीतिक सामाजिक संगठनों की सार्वजनिक बैठक बुलाई गयी। जिसमें पछास, प्रगतिशील महिला एकता मंच,यूकेडी सहित तमाम संगठनों के लोगों व पीसीएस व फारेस्ट गॉर्ड अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।बैठक में चर्चा में हम बात यह थी कि जब जाँच करने वाली एजेंसी पुलिस में ही फर्जी डिग्रियां व पेपर लीक कर अधिकारी बने है तो ऐसे में निष्पक्ष जांच की उम्मीद युवा नही कर सकते व सभी भर्ती घोटालो की सीबीआई जांच हो। बैठक में निर्णय लिया कि उत्तराखंड युवा एकता मंच द्वारा न्याय यात्रा निकाली जाएगी जो आगामी 30 जनवरी को हल्द्वानी बुधपार्क से शुरू होकर रात में भीमताल में रुकेगी व 31 जनवरी को गोल्ज्यू दरबार में उत्तराखंड के तमाम अन्याय को लेकर न्याय की अर्जी गोल्ज्यू के दरबार में लगेगी । इस दौरान बैठक में पीयूष जोशी,पवन रावत, कार्तिक उपाध्याय,राहुल पंत,गौरव जसपाल बजेला,बबलू जाए,रजनी जोशी,महेश जोशी भुवन जोशी,विनोद भट्ट,प्रकाश नगरकोटी सहित दर्जनों युवा मौजूद रहे।

रोडवेज कर्मियों का 24 को हल्द्वानी में होगा जोरदार प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड परिवहन निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की स्थानीय डिपो कार्यालय में हुई बैठक में विभिन्न मांगों को लेकर गहन मंथन कर प्रांतीय नेतृत्व के आव्हान पर आगामी 24 जनवरी को हल्द्वानी में होने वाले प्रदर्शन में पूर्ण भागीदारी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार एवं परिवहन निगम के आलाधिकारी निगम की बस संचालन व्यवस्थाओं को निजी हाथों में सौंपने का षड्यंत्र रच रहे हैं। जिसे निगम कर्मचारी किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की लंबित न्यायोचित मांगो का समाधान करने के स्थान पर सरकार व निगम के प्रबंध निदेशक कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात करने पर तुली हैं। वक्ताओं ने एक स्वर से आगामी 24 जनवरी को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर हल्द्वानी में होना वाले धरना प्रदर्शन में शामिल होने का निर्णय लिया। साथ ही कहा यदि उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो आगामी 31 की मध्य रात्रि से सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार पर चले जायेंगे। बैठक में राजेश जौहरी, सोहन लाल गुप्ता, जोगिंदर सिंह, गोपेश्वर, रजनीश जैन, श्रीनिवास, मनिंदर सिंह, विमल कुमार, राजेश यादव, संतोष कुमार, पवन मौर्या, राणा प्रताप, नानू सिंह, हिमांशु, हरदीप सिंह, जयप्रकाश यादव, अनिल ठाकुर, उमेश कुमार, संतोष राणा, कृपाल सिंह मौर्या, कृष्णपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, तेजिंदर सिंह, संतोष गिरी, सुरेंद्र कुमार, सुरेंद्र यादव, इमरान खान, चुन्नू अंसारी, अरविंद कुमार, प्रवीण चंद, जयपाल सिंह, हरविंदर सिंह, लाल कुमार, गुरमेल सिंह, गुरमेल सिंह और जगजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए सूचना के अधिकार का मजबूत होना अनिवार्यः भट्ट

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने अल्मोड़ा पहुंचकर विकास भवन सभागार में डॉ आर एस टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी द्वारा आयोजित सूचना का अधिकार अधिनियम 2005की प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विभागों के 110 लोक सूचना अधिकारियों/अपीलीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान सूचना आयुक्त ने प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उन्होंने सूचना के अधिकार की प्रासंगिकता एवं अधिकारियों के दायित्व निर्वहन आदि के बारे में विस्तार से आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री भट्ट ने कहा कि आरटीआई की संकल्पना सरकारी तंत्र को पारदर्शी एवं जवाबदेही बनाने के लिए की गई है। उन्होंने कहा पारदर्शी एवं जवाबदेही सुशासन देश के भविष्य एवं सभी के हितों के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से इस कानून के बारे में जागरूक होने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की बजबूती में सूचना के अधिकार का मजबूत होना अनिवार्य है तथा इसकी बजबूती सरकारी कार्मिकों की मंशा पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय लोक सूचना अधिकारी एवं अपीलीय अधिकारी आरटीआई के प्रति सकारात्मक भाव रखें। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आवेदनकर्ताओं द्वारा मांगी गई सूचनाओं को समयंतर्गत एवं सही रूप में प्रदान करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को कहा कि आरटीआई को बोझ न समझे बल्कि पारदर्शिता के हितों के लिए इसे अपना दायित्व समझें और इस दायित्व को सभी अधिकारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहित करें। डॉ आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी की मास्टर ट्रेनर डॉ मंजू ढौंढियाल एवं पूनम पाठक ने सभी अधिकारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के विभिन्न पहलुओं एवं प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सूचना के अधिकार अधिनियम के कानूनी प्रावधानों एवं इस कानून की पृष्ठभूमि आदि के बारे में उपस्थित सभी विभागों के लोक सूचना अधिकारियों एवं अपीलीय अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी। इस कानून के तहत सूचना प्रदान करने के तरीके एवं इसकी समय सीमा जैसे विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह, उपजिलाधिकारी सदर गोपाल सिंह चौहान समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

संडे मार्केट से एक और बाइक उड़ाई

काशीपुर(उद संवाददाता)। संडे मार्केट से अज्ञात चोरों ने एक और मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिकी दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर केसरपुर थाना कुंडा निवासी अजय पाल पुत्र रामपाल ने बताया कि बीते 8 जनवरी को वह आवश्यक कार्य वश मोहल्ला जसपुर खुर्द स्थित संडे मार्केट गया था इसी दौरान घात लगाए चोरों ने उसकी हीरो होंडा मोटरसाइकिल संख्या यूके18 के/8993 पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना के लगभग सप्ताह बर्बाद मामले की प्राथमिकी दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया।

राज्यपाल ने किया 'एग्जाम वॉरियर्स' पुस्तक का विमोचन

आने वाले 25 साल युवाओं और भारत दोनों के लिए महत्वपूर्णः राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने आज राजभवन में आयोजित टेडेक्स मसूरी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। द फ्यूचर इज हेयर की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपना संबोधन दिया। इस कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विद्यार्थियां में परीक्षा के दौरान तनाव को कम करने के लिए लिखित पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' का भी विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस कार्यक्रम की थीम युवाओं पर केंद्रित की गई है जो हमारे देश व आने वाले समय का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि बदलाव के इस दौर में युवाओं को अपनी नेतृत्व क्षमता को दिखाते हुए समाज और राष्ट्र के विकास के लिए आगे आना होगा। अमृतकाल के इस दौर में युवाओं को अपना रोल समझना होगा। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में सभी क्षेत्रों में असीमित संभावनाएं हैं हमें उन संभावनाओं को बेहतर अवसरों में परिवर्तित करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि भारत अपनी युवा शक्ति, महिला शक्ति और टेक्नोलॉजी के बल पर परिवर्तन की ओर बढ़ रहा है, जो उसे विकसित राष्ट्र और विश्व गुरू बनाने में अहम साबित होगा। भारत का महिला सशक्तिकरण से महिला नेतृत्व की ओर बढ़ना भी सकारात्मक परिवर्तन है। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 साल युवाओं और भारत दोनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। यह अमृत काल है जो हमें स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक ले जाएगी। हम भाग्यशाली हैं कि हमारे बहुत से युवा अपना और भारत का भविष्य खुद से बनाएंगे। इस प्रकार युवाओं का विकास ही भारत का विकास है। युवाओं की सीख ही भारत की सीख है। युवाओं की जीत ही भारत की जीत है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में पूरे विश्व को ऊर्जा देने की ताकत है। हमारे पास हिमालय है, चारधाम जैसे अलौकिक तीर्थ स्थान हैं, गंगा और यमुना जैसी पावन नदियां यहाँ से निकलती हैं। यह राज्य आध्यात्मिक पर्यटन, योग-आयुर्वेद के माध्यम से पूरे विश्व के लिए केंद्र बिन्दु बन सकता है। उन्होंने युवाओं से इन क्षेत्रों में आगे आकर नेतृत्व कर उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्य बनाने में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर डी.जी.पी. अशोक कुमार ने भी उपस्थित युवाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में अपर सचिव श्री राज्यपाल, श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, कार्यक्रम के संयोजक विवेक मेहरा और विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों से आये छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

TEDx MUSSOORIE

नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष खुराना का जोरदार स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना का वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं अन्य भाजपाइयों के अलावा महिला मोर्चा द्वारा फूल माला, मिष्ठान वितरण एवं आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। गूलर भोज मोड़ स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश गुंबर के प्रतिष्ठान पर आयोजित सम्मान समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के पहुंचने पर जोरदार नारेबाजी से उनका स्वागत किया गया।सुरेश खुराना ने कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा की संस्तुति पर उन्हें जो हाईकमान द्वारा जिम्मेदारी विश्वास करके सौंपी गई है उसका भी तन मन से निर्वाह करेंगे। उन्होंने कहा वे पूरी जिम्मेदारी व ईमानदारी से भाजपा की लोक कल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं का जन जन तक प्रचार प्रसार करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने हाईकमान का आभार जताने के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा का भी आभार जताया। इस मौके पर उन्हें शुभकामनाएं देने वालों में राजेश गुंबर, मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर ,कपिल गंडा, संतोष गुप्ता ,पंकज सेतिया, अशोक छाबड़ा, अभिषेक गुंबर बंटी ठुकराल ,संदीप बत्रा ,जुगनू सुखीजा, प्रेम कोचर, विकास खुराना, गोल्डी सुखीजा, पूनम ग्रोवर, ज्योतिराज, सुदेश परुथी, पूनम कश्यप, राधा रानी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीएम ने विद्यार्थियों के साथ किया संवाद

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ननूरखेड़ा देहरादून में आयोजित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि सफलता के लिए संयम, नियम और अनुशासित जीवन जरूरी है। उन्होंने छात्रों को उत्तराखण्ड एवं देश का भविष्य निर्माता बताते हुए परीक्षा की तैयारियों के लिये ज्ञानवर्धक सलाह भी दी साथ ही उनकी शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर उन्होंने पेंटिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कृत भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों के साथ इस आयोजन में शामिल होकर वे स्वयं को और अधिक ऊर्जा से भरा हुआ अनुभव कर रहे हैं। बच्चों की परीक्षाएं आने वाली हैं और उनके साथ इस विषय पर संवाद करना एक सुखद अनुभव है। इससे उन्हें अपने स्कूल के दिनों का भी स्मरण करने का अवसर मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षाओं में थोड़ा तनाव होना स्वाभाविक बात है, परन्तु जब यह तनाव बहुत अधिक बढ़ जाता है तो न केवल परीक्षा के परिणाम में इसका विपरीत असर पड़ता है बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सचिव रविनाथ रमन, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी आदि उपस्थित रहे।

तू ले जाली मैत कसी काटूलो रंगीलो चैत

उत्तरायणी मेले में माया उपाध्याय ,मनोज और बिशन हरियाला के गीतों पर दर्शक थिरके

बागेश्वर,(उद संवाददाता)। उत्तरायणी मेले में कुमाउनी गढ़वाली गानों की धूम रही। मंगलवार रात्रि में उत्तरायणी मेले में लोक गायक माया उपाध्याय, मनोज कुमार, अनिल रावत, बिशन सिंह हरियाला और कई आवाजों को निकालने वाले जादूगर अनिल भटनागर ने दर्शकों को अपनी अदाकारी से खूब आनन्दित किया।दर्शक माया उपाध्याय और मनोज आर्या सहित अन्य गायकों की गायकी से मंत्रमुग्ध हो गए।मनोज आर्य के तू ले जाली मैत कसी कठूलो रंगीलो चौत आहातू लै जाली मैता,चाहा को होटल व हिटली टनकपुर, बागेश्वर उतरेणी कौतिक में दर्शकों ने खूब पसंद किया।और कलाकारों पर तालियों की गड़गड़ाहट से इनाम बरसाए,वही बिशन सिंह हरियाला ने त्विल धर भोला, हसिया बाना रानीखेत की म्यर हिमुली बाना, रूमा झूमा, भवर का नदी हिट सरसरी, अनिल भटनागर द्वारा हास्य आवाज में विभिन्न प्रकार के सांकेतिक आवाज से सभी दर्शकों का मनमोह लिया,अनिल रावत के द्वारा -जेठो मेरा म्यर रँगीलीओ बैसाख रे लागी रो चौता, जब जुलु बरेली,बिन माया कौ मेरो जु जु रिलाय मा, माया उपाध्याय द्वारा, गुन गुन चौ बसंत हो सुआ, हाय ककड़ी चील में, नूण पिसो सिल मा, ओ माया तू बसी गेछेमेरो दिल मा, हो चाहा का होटल मा,क्रीम पावडर घोसनी किले ने, ओ छोरी, हो भूतयनी जसि में किसकी हिटु मे, माया तू बैठी गेछे मेरो दिल मामें दर्शकों ने खूब ठहाके लगाए।वही दर्शकों द्वारा तालियों और सीटी बजाकर कलाकारों का मान मनोबल बढ़ाया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कपकोट विधायक सुरेश खेतवाल, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, मेलाधिकारी हरगिरि, सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद थे।

हजारों की नगदी सहित तीन जुआरी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत रात्रि गश्त के दौरान मंडी चौकी पुलिस कर्मियों ने तीन जुआरियाँ को जुआ खेलते हजारों की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी गुलाब सिंह कंबोज साथी पुलिसकर्मियों कांस्टेबल दीवान नाथ व अरुण राठौर के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। जिस पर पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर तीन जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता अशोक जेठवानी पुत्र स्वर्गीय दाताराम निवासी मुरारजी नगर धान मिल, सोम सोनकर पुत्र राकेश निवासी वार्ड 27 गांधीनगर व यहीं के निवासी विशाल राय पुत्र विद्युत बताया। पुलिस ने मौके से 6470 रुपए नगद व ताश पत्ते बरामद किए।

जीवन बीमा का राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्थानीय भारतीय जीवन बीमा निगम के मण्डल कार्यालय में बीमा कर्मचारी संघ हल्द्वानी डिवीजन के तत्वावधान में जीवन बीमा का राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया गया । भोजनावकाश में हुई गेट मीटिंग में अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि जीवन बीमा के राष्ट्रीयकरण से पालिसी धारकों के धन की सुरक्षा संभव हुई । राष्ट्रीयकरण से पूर्व निजी बीमा कंपनियां विभिन्न प्रकार की वित्तीय अनियमितताओं में लिप्त थी और पालिसी धारकों का पैसा डूब जाता था। वर्तमान में सरकार निजीकरण की मुहिम चला कर फिर से पुराने दिनों को वापस लाना चाहती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम को कमजोर करने के लिए सरकार और आईआरडीएआई अभिकर्ताओं की नियमावली में भी संशोधन करना चाहती है जिसे सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गत 8 से 11 जनवरी तक कोलकाता में संपन्न ए.आई.आई.ई.ए महासम्मेलन में सरकार की पब्लिक सेक्टर विरोधी नीति का पुरजोर विरोध करने, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नई भर्ती करने, पेंशन योजना में सुधार करने आदि मांगों को लेकर बजट सत्र में दो घंटे का वाकआउट करने व बेरोजगारी, महंगाई, श्रम विरोधी कानूनों के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। सभा में शीला जोशी, निर्मला कुरियाल, पंचम सिंह, लीलाधर जोशी, देवेश रौतेला, मंजुल तिवारी, हेमंत कुमार, हिमांशु चौधरी, केवल भट्ट, परीक्षित लोशाली, हीरा सिंह बिष्ट, भानु प्रकाश उपाध्याय, रवींद्र कुमार, सुरेंद्र मर्तोलिया, नवीन पंत, गणेश जोशी, आनंद राम, भानु पांडे, डीएस खाती, एसके पाण्डेय, डीएन जोशी , घनश्याम, कमल भट्ट आदि शामिल थे।

नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर मंडल के नव नियुक्त अध्यक्ष प्रताप रैकवाल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश खरोश के साथ स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मेयर डॉक्टर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी , प्रकाश रावत , पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट , पूर्व दर्जा राज्यमंत्री तरुण बंसल, अजय राजौर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, मनीष पाल, दिनेश सिंह, संदीप कुकसाल, महबूब अली, विनोद जायसवाल, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, विजय मनराल, हरीश आर्यआदि मौजूद थे।

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

खिलाड़ियों का भरोसा

खेल संघों में अनियमितता, खिलाड़ियों के चयन को लेकर भेदभाव, पक्षपात, यौन शोषण आदि की शिकायतें पुरानी हैं।मगर जिस तरह भारतीय कुश्ती महासंघ के खिलाफ देश के तमाम पहलवान एकजुट होकर उसके अध्यक्ष को हटाने की मांग पर अड़े हैं, वैसा पहले किसी खेल संघ में नहीं हुआ। विश्व चौंपियनशिप की पदक विजेता और ओलंपिक खिलाड़ी विनेश फोगाट ने कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोप लगाया, तो तमाम ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीत चुके पहलवान उनके समर्थन में उतर आए। खेल मंत्रालय ने इस मामले में संघ से बहत्तर घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने मीडिया के सामने सफाई दी कि उन्होंने किसी खिलाड़ी का यौन शोषण नहीं किया है। उन्हें फंसाया जा रहा है। अगर उनके खिलाफ किसी खिलाड़ी के यौन शोषण का सबूत मिल गया, तो वे खुद अपने को सजा देने को तैयार हैं। मगर वे फिलहाल अपने पद से इस्तीफा देने को तैयार नहीं हैं।इस बीच सरकार और विरोध प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के बीच मध्यस्थता कर रहीं पहलवान बबीता फोगाट ने खेल मंत्रालय के साथ बैठक करके इस मामले को सुलझाने का प्रयास किया, मगर खिलाड़ी कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के इस्तीफे पर अड़े हुए हैं। कुश्ती ही ऐसा खेल है, जो चाहे ओलंपिक हो या राष्ट्रमंडल खेल, सबसे अधिक पदक ले आता है। इसके खिलाड़ी अपने जुनून के बल पर विजयी होते रहे हैं। इस तरह दुनिया भर में भारतीय पहलवानों ने देश का ध्वज ऊंचा किया है। ऐसे में अगर कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और प्रशिक्षकों पर महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोप लग रहा है, तो इससे दुनिया भर में भारत की बदनामी हो रही है। बृजभूषण शरण सिंह बेशक अपने को पाक-साफ करार दे रहे हों, पर उन पर खिलाड़ियों ने काफी गंभीर आरोप लगाए हैं। वे सत्तापक्ष के सांसद हैं, इसलिए खिलाड़ियों का भरोसा नहीं बन पा रहा कि उनके खिलाफ कोई कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई हो पाएगी। इसलिए पहलवानों ने कहा है कि अगर उन्हें अध्यक्ष पद से नहीं हटाया गया और कुश्ती महासंघ का पुनर्गठन नहीं किया गया तो वे उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएंगे। हालांकि बहत्तर घंटे का समय पूरा होने में अभी एक दिन बाकी है, देखना है सरकार क्या कदम उठाती है, मगर यह तो जाहिर है कि कुश्ती महासंघ में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा। इसके पुनर्गठन की जरूरत है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब किसी खेल संघ के अध्यक्ष पर यौन शोषण का आरोप लगा हो। पहले हाकी संघ में ऐसा आरोप लगा था। एक लान टेनिस खिलाड़ी के यौन शोषण और फिर खुदकुशी को लेकर भी उसके संघ के अध्यक्ष पर आरोप लगे थे। खेल प्रशिक्षकों पर तो महिला खिलाड़ियों को बहला-फुसला कर यौन शोषण करने के आरोप लगते रहते हैं, पर संघ के अध्यक्ष पर इस तरह बड़े पैमाने पर शामिल होने का आरोप पहली बार लगा है। पिछली बार ओलंपिक में जब भारतीय महिला पहलवानों ने पदक जीत कर देश का नाम ऊंचा किया, तो प्रधानमंत्री ने भी गर्व के साथ वादा किया था कि खिलाड़ियों को सुविधा के स्तर पर किसी तरह की कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस तरह खिलाड़ियों में नया जज्बा पैदा हुआ था। इसे देखते हुए भरोसा बनता है कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर लगे आरोपों को सरकार गंभीरता से लेते हुए जरूर निष्पक्ष ढंग से व्यावहारिक कदम उठाएगी।

रामसेतु : भारतीय सनातन संस्कृति की प्राचीनता और जलमार्ग परियोजना

भारत और श्रीलंका तक फैली सेतुसमुद्रम जलमार्ग परियोजना को लेकर तमिलनाडू में सत्तारूढ़ द्रमुक और भाजपा में ठन गई है। दरअसल तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 12 जनवरी को इस परियोजना पर विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित कर दावा किया है कि इस परियोजना से 50 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। इसलिए इसे शुरू किया जाना चाहिए। स्टानिन ने कहा कि यह परियोजना तमिलनाडू के पूर्व मुख्यमंत्री कलाईनार (करुणानिधि) का भी स्वप्न रहा है। इसलिए इसे शुरू कर रोजगार के रास्ते खोले जाने चाहिए। याद रहे स्टालिन और उनके पिता करुणानिधि घोर वामपंथी रहे हैं। इसलिए वे रामायण और महाभारत से जुड़ी उस प्रत्येक संरचना को काल्पनिक या मिथक मानते हैं, जो भारतीय सनातन संस्कृति की प्राचीनता सिद्ध करने वाली हैं। ये लोग राम मंदिर के निर्माण के भी विरोधी रहे हैं। अतएव इस प्रस्ताव के पारित होते ही भाजपा और कुछ साधु संत द्रमुक सरकार के विरोध में आ खड़े हुए है। भाजपा की तमिलनाडू ईकाई के प्रमुख अन्नामलाई ने कहा कि द्रमुक के नेताओं के स्वामित्व वाली कुछ शिपिंग कंपनियां हैं, जिन्हें इस परियोजना से सीधे लाभ होगा। इधर हिंदू संतों ने दावा किया है कि यह परियोजना सनातन हिंदू धर्म के खिलाफ है। संत दिवाकर आचार्य ने चुनौती दी है कि अगर सरकार प्राचीन रामसेतु को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगी तो हम विरोध करेंगे और सीने में गोलियां खाने को तैयार रहेंगे। अयोध्या के संत महंत चंद्रभूषण ने कहा कि यह सरकार देश के कुछ लोगों को खुश करने के लिए वोट बैंक की राजनीति कर रही है। बहरहाल इस प्रस्ताव को सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की शुरूआत माना जा रहा है। दरअसल समुद्र में जहाजों की आवाजाही के लिए रास्ता बनाया जाना प्रस्तावित है। यह रास्ता नौवहन मार्ग (नॉटिकल मील) 30 मीटर चौड़ा, 12 मीटर गहरा और 167 किमी लंबा होगा। यह परियोजना यदि पूर्ण रूप में आकार लेती तो पौराणिक काल में अस्तित्व में आए रामसेतु का टूटना तय है। साथ ही करोड़ों मछुआरों की आजिविका प्रभावित होगी और बड़े पैमाने पर समूद्री क्षेत्र का पर्यावरण नष्ट हो जाएगा। बावजूद पूर्व संप्रग सरकार ने सेतु-समुद्रम परियोजना के सिलसिले में उच्चतम न्यायालय में शपथपत्र देकर दलील दी थी कि एडम् ब्रिज अर्थात् रामसेतु हिंदू धर्म का आवश्यक हिस्सा नही है, इसलिए इसे तोड़कर बनाए जाने में हिंदू धर्मावलंबियों की आस्था आहत नही होगी। यह शपथपत्र हिंदुओं की ही नहीं, भारत की सांस्कृतिक विरासत के साथ खिलवाड़ था। भगवान राम हिंदुओं के ही नहीं भारत की पहचान हैं। गौरतलब है कि राम और कृष्ण भारतीय संदर्भ में दो ऐसे महामानव हैं, जिनकी लीलाओं से ही भारतीय संस्कृति न केवल फली-फूली है, बल्कि इसके संस्कार और रीति-रिवाज भी इन्हीं की उत्सवधर्मिता से विकसित हुए हैं। तमिलनाडू की मन्नार खाड़ी से पाक जलडमरूमध्य के बीच 5 जिलों में 138 गांव, कस्बे व नगर ऐसे हैं जिनकी बहुसंख्यक आबादी समुद्री जल-जीव व अन्य प्राकृतिक संपदा पर आश्रित है। भारतीय समुद्र की तटवर्ती पट्टी 5 हजार 660 किमी लंबी है। गुजरात, महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश, उड़ीसा, तमिलनाडू, पश्चिम-बंगाल, गोवा राज्यों और केंद्र शासित राज्य पांडिचेरी, लक्षद्वीप तथा अण्डमान-निकोबार द्वीप समूह के तहत विशाल तटवर्ती क्षेत्र फैले हैं। रामसेतु की विवादित धरोहर रामेश्वरम् को श्रीलंका के जाफना द्वीप से जोड़ती है। यह मन्नार की खाड़ी में स्थित है। यहीं जो रेत, पत्थर और चूने की दीवार सी 48 किमी लंबी पारनुमा संरचना है, उसे ही रामसेतु का अवशेष माना जाता है। अमेरिका की विज्ञान संस्था नासा ने इस पुल के 2007 में उपग्रह से चित्र लेकर अध्ययन करने के बाद दावा किया था कि मानव निर्मित यह पुल दुनिया की सबसे पुरानी सेतु संरचना है। इस नाते राम की इस धरोहर को सुरक्षित रखने की जरूरत हैं। बाल्मीकि रामायण, स्कंद पुराण, ब्रह्म पुराण, विष्णु पुराण, अग्नि पुराण, रामकियेन और रामचरित मानस में इस सेतु के निर्माण और इसके ऊपर से लंका जाने के विवरण हैं। इन ग्रंथों के अनुसार राम और उनके खोजी दल ने रामेश्वरम् से मन्नार तक जाने के लिए वह मार्ग खोजा जो अपेक्षाकृत सुगम होने के साथ रामेश्वरम् के निकट था। जहां से राम व उनकी वानर सेना ने उपलब्ध सभी प्रमुख 65 रामायणों के अनुसार लंका के लिए कूच किया था। माना जाता है कि 500 साल पहले तक यहां पानी इतना कम था कि मन्नार और रामेश्वरम् के बीच लोग सेतुनुमा टापूओं से होते हुए पैदल ही आया-जाया करते थे। वैसे इस क्षेत्र में ऐसे छिद्रयुक्त कम दबाव व भार वाले पत्थर भी पाए जाते हैं, जो पानी में नहीं डूबते। दरअसल ज्वालामुखी फूटने के समय ऐसे पत्थर प्राकृतिक रूप से निर्मित हो जाते हैं, जिनके भीतर हवा भरी रहती है। नल और नील ने जिन पत्थरों का उपयोग सेतु निर्माण में किया था, शायद ये उन्हीं पत्थरों के अवशेष हों, जो आज भी धार्मिक स्थलों पर देखने को मिल जाते हैं। साथ ही, नल-नील के नेतृत्व में वानरों ने पेड़ों के तनों और बांसों को खोंखले करके उनके दोनों सिरों को सीलबंद कर दिया। इस कारण ये तने पानी में डूबे नहीं। इन वायु भरे तनों को ताड़वृक्ष के पत्तों एवं छाल की बनी डोरियों, रस्सियों और कसनों से बांधकर इस पुल को मजबूत आधार दिया गया। देश की कई नदियों पर इसी तकनीक से टंकियों व नावों पर बने पुल देखे जा सकते हैं। इस तरह पांच दिन में यह पुल तैयार हुआ। इस पुल को पार कर राम सेना श्रीलंका में सुबेल पर्वत पर पहुंची और सैन्य शिविरों की स्थापना की। तमिलनाडू की दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता ने भी इस परियोजना को रोकने का प्रस्ताव लाकर सेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग सप्रंग सरकार से की थी। रामसेतु प्राचीन स्थापत्य कला का अनूठा नमूना है, इस दृष्टि से भी इसका सरंक्षण जरूरी है। साथ ही, जैव संसाधनों की दृष्टि से विश्व बाजार में इस क्षेत्र को सबसे ज्यादा समृद्ध क्षेत्र माना जाता है। इसकी जैविक और पारिस्थिकी विलक्षणता के चलते ही इसे 'जैव मण्डल आरक्षित क्षेत्र' संयुक्त राष्ट ने घोषित किया हुआ है। रामसेतु के बहाने पुरातत्वीय दृष्टि से ही नहीं, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक महत्व भी इस क्षेत्र का है। मोती के लिए प्रसिद्ध रहा यह क्षेत्र शंख के उत्पादन के लिए भी जाना जाता है। दरअसल मन्नार की खाड़ी राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय महत्व की एक जीवित प्रयोगशाला है। यहां लगभग 3700 प्रकार के जीव व वनस्पतियों की जीवंत हलचल है। जिसमें कछुओं की 17 प्रजातियां हैं। मूंगे की 117 किस्में हैं। यहां पाए जाने वाले दुर्लभ मैंग्रोव वृक्ष कार्बन डाइ ऑक्साइड का शोषण कर बढ़ते तापमान को कम करते हैं। यह वृक्ष समुद्री तूफान की तीव्रता को भी रोकता है। यहां बड़ी मात्रा में प्रबाल (शैवाल) भित्ति भी हैं। इसी विविधता के कारण भारत को जैविक दृष्टि से दुनिया में संपन्नतम समुद्री क्षेत्र माना जाता है। समुद्र में उपलब्ध शैवाल (काई) भी एक महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ है। शैवाल में प्रोटीन की मात्रा ज्यादा होती है। लेकिन इसे खाने लायक बनाए जाने की तकनीकों का विकास हम ठीक ढंग से अब तक नहीं कर पाए हैं। लिहाजा इसे खाद्य के रूप में परिवर्तित कर दिया जाए तो परंपरागत शाकाहारी लोग भी इसे आसानी से खाने लगेंगे। शैवाल में अच्छे किस्म की चॉकलेट से कहीं ज्यादा ऊर्जा होती है। आयुर्वेद औषधियों तथा आयोडीन जैसे महत्वपूण तत्व भी इसमें होते हैं। ये शैवाल भित्तियां उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में न केवल खाद्य संसाधनों, बल्कि जैव रासायनिक प्रक्रियाओं में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। तटीय क्षेत्रों मे ये लहरों का अवरोध बनकर, कटाव को बाधित करती हैं। 750 प्रकार की मछलियों के आहार व प्रजनन का भी यही काई प्रमुख साधन है। यहां थोरियम के बड़े भण्डार हैं। विश्व का 30 प्रतिशत थोरियम भारत में ही मिलता है। जो यूरेनियम बनाने के काम आता है। सुनामी कहर के विश्व प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. मूर्ति के अनुसार 26 दिसंबर 2004 को आए सुनामी तूफान के दौरान रामसेतु देश के दक्षिण हिस्से के लिए सुरक्षा कवच साबित हुआ था। यानि रामसेतु प्राकृतिक आपदा का भी बड़ा अवरोधक हैं। गोया, इस पुरातात्विक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व की अद्वितीय विरासत का आयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर की तरह सरंक्षण करना जरूरी है। रामेश्वरम् से लेकर श्रीलंका के बीच रामसेतु के चित्र आने के बाद से विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक संस्था नासा सहित अनेक संस्थानों ने रामसेतु की संचना पर शोध किए हैं। इनके निष्कर्ष से तय हुआ है कि उथले समुद्र में दिखाई देने वाली 48 किलोमीटर लंबी सेतु सरंचना रामायणकालीन रामसेतु ही है। पुरातत्वीय अनुसंधानों ने भी इसे भारत की ही नहीं दुनिया की करीब सात हजार साल पुरानी सबसे प्राचीन मानव निर्मित धरोहरों में से एक माना है। सेतु समुद्रम परियोजना ने भी इसकी पौराणिक मान्यता स्वीकारी है। बावजूद इसके अनेक रहस्य समुद्र के गर्भ में छिपे हैं। इन्हीं रहस्यों की परतें खंगालने के लिए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) की राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान, गोवा इसकी विज्ञान-सम्मत पड़तान करेगी। इसके तहत यह जानकारी जुटाई जाएगी कि रामसेतु की अधोसरंचना कैसी है ? भूगर्भीय हलचल का इस पर कितना अरस पड़ा है। देश के इतिहास में पहली बार होगा कि किसी धार्मिक मान्यता वाले स्थल का वैज्ञानिक आधर तलाशने के लिए वैज्ञानिक अभियान चलाएंगे। कार्बन डेटिंग तकनीक का भी इस्तेमाल किया जाएगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण इसकी प्राचीनता और मानव निर्मित होने के बिंदुओं पर पहले से ही अनुसंधान कर रहा है। अब इन दोनों संस्थानों के निष्कर्ष से यह परिणाम निकाला जाएगा कि क्या वाकई रामसेतु रामायणकालीन सरंचना है। हालांकि राम जन्मभूमि की तरह रामसेतु का भी सत्यापन होना तय है। दरअसल सेतु समुद्रम परियोजना के अंतर्गत मनमोहन सिंह सरकार ने इसे तो एक शपथ-पत्र शीर्ष न्यायालय में देकर काल्पनिक बताते हुए भगवान राम के अस्तित्व को भी नकार दिया था।

-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार

जनजाति समाज की बेटी ने किया नाम रोशन

गदरपुर(उद संवाददाता)। जनजाति समाज की एक बेटी ने नीट क्लियर कर एमबीबीएस में प्रवेश पाया है। अब एआईआईएमएस में एमबीबीएस की पढ़ाई करेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील बाजपुर के ग्राम भूड़ी निवासी कुंवर सिंह और पार्वती देवी की पुत्री कुमारी आरती ने अपने समाज को दिया बड़ा सम्मान दिया है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बुक्सा जनजाति की इस बालिका को नीट क्लियर करने पर हर्ष मनाते हुए शुभकामनाएं प्रदान की है।

अनमोल नयनों के सच्चे प्रहरी-सरदार गुरबिंदर सिंह

समाज सेवी सरदार श्री गुरबिन्दर सिंह 22 बरसों से नूरहीन लोगों के लिए फरिश्ते की मानिंद हैं। वे जगह-जगह कैंप लगाकर लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक कर उनसे हाथ जोड़कर नेत्रदान करने का विनम्र अनुरोध करते हैं। श्री सिंह अब तक 3,000 से अधिक लोगों से नेत्रदान कराकर हजारों लोगों के जीवन में रोशनी ला चुके हैं। मुरादाबाद के बाशिंदे श्री सिंह का साफ मानना है, नेत्रदान महादान है। जीते-जीते रक्तदान, जाते-जाते नेत्रदान सरीखे स्गोलन को उन्होंने अपने जीवन का मूल मंत्र बना लिया है। कहते हैं, मानव सेवा ही ईश्वर की सेवा है। मान लीजिएगा, श्री सिंह रात-दिन वाहे गुरू की इसी सेवा में जुटे हैं। वह यूपी के संग- संग उत्तराखंड में भी जा-जाकर नेत्रदान की अलख जगाते हैं। शहर-दर-शहर लेक्चर देते हैं। हांलाकि किसी अवार्ड की उन्हें दरकार नहीं है, बावजूद इसके सैकड़ों ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र उनकी झोली में हैं। सक्षम संस्था की ओर से हाल ही में नेत्रदान और रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए उन्हें वरिष्ठ श्रेणी में स्मृति चिन्ह और शाल देकर नोएडा में सम्मानित किया गया है। वह स्मरण करते हुए बताते हैं, मुरादाबाद नागरिक समाज-मुनास संस्था की ओर से 22 बरस पहले एक नारा दिया था 'मुनास ने देखा एक सपना, हर शहर का हो आई बैंक अपना। इसी स्लोगन को अपना आदर्श मानते हुए वह हर शहर में एक आई बैंक स्थापित करना चाहते हैं, जिससे नेत्रदान के लिए संकल्पित व्यक्ति अपनी चाह को पूरा कर सके। सरदार गुरबिन्दर सिंह और उनकी टीम हर स्वतन्त्रता और गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 'नेत्र दान करने वाले परिवारों का नागरिक अभिनंदन करवाते हैं और नेत्र गृहीता लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित कर उनके अनुभव समाज के साथ साझा करते हैं । जिससे दीगर लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया जा सके। इस नेक काज को करने का विचार उन्हें 22 बरस पहले तब आया, जब उनके बड़े भाई की आंखों की रोशनी चली गई। इलाज के बाद रोशनी तो आ गई, लेकिन इस घटना ने इनकी जिंदगी को पूरी तरह से बदल दिया। उन्होंने उसी दिन फैसला किया कि वे अब लोगों की जिंदगी में उजाला लाने का काम करेंगे ताकि नूरहीन व्यक्ति भी खुशहाल जीवन जी सकें। इसके लिए वह नेत्रदान की मुहिम में जुट गए। उनकी लगन और जुनून को देखते हुए उनके दो सामाजिक मित्रों-श्री अजय गुप्ता और श्री राघव गुप्ता ने मुरादाबाद में ही एक वर्ल्ड क्लास आंखों का अस्पताल खोलने का संकल्प लिया, क्योंकि वे अपने पिता श्री जगदीश शरण गुप्ता को नेत्रों के उपचार हेतु बार-बार अलीगढ़ और दिल्ली लेकर जाते थे। अंततः उन्होंने सीएल गुप्ता आई इंस्टिट्यूट की स्थापना की और इस हॉस्पिटल में संस्थापक सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी गुरबिन्दर सिंह के हाथों में सौंप दी। अब सरदार गुरबिन्दर सिंह की पहचान आंखों वाले सरदार जी के नाम से है। 2003 में विवेकानंद हॉस्पिटल में छोटी से आई इंस्टीट्यूट के रूप में इस बड़े संकल्प का शंखनाद हुआ था। इसके बाद स्कूलों, कॉलेजों, जनसभाओं आदि में नेत्रदान का प्रचार करने लगे। धीरे-धीरे लोग जुड़ने लगे और कारवां बनता गया। वे समझने लगे कि मरने के बाद भी एक व्यक्ति दो व्यक्तियों के जीवन में रोशनी ला सकता है। नतीजतन अब तक मुरादाबाद में 2,848 लोग नेत्रदान करा चुके हैं। ऋषिकेश में भी एक अस्पताल चल रहा है। वहां भी 450 लोग नेत्रदान कर चुके हैं। आंखों की समस्याओं के निदान के लिए मुरादाबाद के सौ किमी के दायरे में भी 22 सेवा संस्थान खुले हैं। कम्युनिटी सर्विस के तहत ऋषिकेश से गंगोत्री तक लगभग पौने दो लाख आंखों के ऑपरेशन करा चुके हैं। सभी उपकरणों और डॉक्टरों की टीम से लैस एक मोबाइल वैन के जरिए गांव-गांव जाकर लोगों की आंखों के चश्मो की जांच कर उनका इलाज भी किया जाता है। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का निः शुल्क इलाज कराने में मदद भी करते हैं।

-प्रो. श्याम सुंदर भाटिया/सतेन्द्र सिंह

गुरुद्वारा गोल मार्केट में गुरुवाणी कथा विचार 5 फरवरी को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोल मार्केट में साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को समर्पित गुरुवाणी कथा विचार कार्यक्रम आगामी 5 फरवरी को रात्रि 8 बजे से 9.30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए गुरु पंथ के दास प्रीतम सिंह चावला ने बताया कि गुरुवाणी कथा पंथ के शिरोमणि कथावाचक भाई पिंदर पाल सिंघ द्वारा कर संगत को निहाल किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान गुरुद्वारा में अटूट लंगर भी बरताया जायेगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सभी संगत से आगामी 5 फरवरी को रात्रि 8:30 बजे गुरुद्वारे पहुंचकर कथा श्रवण कर गुरूघर की खुशियां प्राप्त करने का आग्रह किया है।

महान गुरमति समागम 4 फरवरी को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा कलगीधर खालसा दरबार डिबडिबा, बिलासपुर में आगामी 4 फरवरी को साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब को समर्पित महान गुरमति समागम का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए गुरु पंथ के दास प्रीतम सिंह चावला ने बताया कि गुरुद्वारा में 4 फरवरी को सायं 5.30 बजे से 7.30 बजे तक महान गुरमति समागम होगा जिसमे शिरोमणि कथावाचक भाई पिंदरपाल सिंह व भाई खजान सिंह बिलासपुर वाले गुरु की महिमा का गुणगान कर संगत को निहाल करेंगे। इस मौके पर गुरु का अटूट लंगर भी बरताया जायेगा। श्री चावला ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से समस्त संगत से महान गुरमति समागम में पहुंचकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करने की अपील की है।

फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र कर धोखाधड़ी करने पर शिक्षक को किया गिरफ्तार

सितारगंज(उद संवाददाता)। हरिकिशोर ने आनंद स्वरूप बनकर शिक्षा विभाग में वर्षों नौकरी कर ली। शैक्षिक प्रमाण पत्र फर्जी साबित होने पर बीईओ ने मामले में नामजद मुकदमा दर्ज कराया। जांच पड़ताल में आनंद स्वरूप हरिकिशोर निकला। खंड शिक्षाधिकारी सुषमा गौरव ने पूर्व में पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आनंद स्वरुप पुत्र जयपाल सिंह निवासी नारायणपुर जयपुर फर्जी बीटीसी, इंटरमीडिएट, बनवाकर शिक्षा विभाग में नौकरी प्राप्त की है। इसके बाद पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शुरूआती जांच में आनंद स्वरूप नाम के आरोपित की तस्दीक करने टीम पहुंची। जिसकी नाम- पंते के आधार पर तस्दीक नहीं हो सकी। इसके बाद दोबारा जांच शुरू कर दी। तब पुलिस ने शिक्षा विभाग में आनंद स्वरूप नाम से फर्जी पहचान बनाने वाले अध्यापक का फोटो प्राप्त कर पहचान शुरू की। मुखबिरों के जरिए फोटो तस्दीक में आनंद स्वरुप नाम से नौकरी करने वाला हरिकिशोर पुत्र शोराम सिंह निवासी ग्राम मझोला खुर्द थाना अमरोहा की तस्दीक हो गई। गुरुवार को एसआइ जनदिन भटट, सिपाही नरेंद्र यादव, तरुण भट्ट ने आरोपित हरिकिशोर को अमरोहा से गिरफ्तार कर लिया।

सितारगंज में पॉलीथिन बनाने वाली फैक्ट्री सील

सितारगंज(उद संवाददाता)। प्रशासन ने पॉलीथिन उत्पादन करने वाली फैक्टरी में छापा मारा। इस दौरान प्रशासनिक टीम को मौके से श्रमिकों को पालीथिन एव सिंगल यूज प्लास्टिक बनाने हेतु कार्य करते पाया गया। एसडीएम ने फैक्टरी को सील कर दिया है। एसडीएम तुषार सैनी व तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन की फैक्टरी संचालित होने की जानकारी मिली। इस पर एसडीएम और तहसीलदार ने बृहस्पतिवार को पालिका ईओ प्रियंका आर्य, पालिका और राजस्व कर्मियों के साथ नकुलिया मार्ग पर चौमेला गांव में चल रही फैक्टरी पर छापा मारा। यहां भवन के प्रथम तल पर पॉलीथिन बनाने की फैक्टरी लगी मिली। ग्राउंड फ्लोर पर महिलाएं पॉलीथिन के बंडलों की पैकिंग करती मिलीं। जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम ने फैक्टरी को मय पॉलीथिन के सील कर दिया। वहीं फैक्टरी की मशीनों को सील कर फैक्टरी स्वामी के सुपुर्द कर दिया। तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और एनजीटी के अफसरों की जांच के बाद जुर्माने की राशि तय की जाएगी।

सिचाई के लिए ताकुला के ग्राम सुनौली में बना चैकडेम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।विकासखंड ताकुला के ग्राम सुनौली में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना बनी कृषि का आध मुख्य कृषि अधिकारी डी कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अन्तर्गत विकासखण्ड ताकुला के ग्राम सुनौली में कृषि सिंचाई को बढ़ावा दिये जाने हेतु 1.996 लाख की लागत से एक चैकडेम का निर्माण किया गया है। इसके द्वारा गॉव की लगभग 50 से 70 है0 कृषि भूमि सिंचित की जाती है तथा सिंचाई जल से धान, गेहूॅ, मडुवा आदि के साथ-साथ शिमला मिर्च, गोभी, टमाटर, बीन्स आदि फसलों एवं सब्जियों का उत्पादन अच्छी मात्रा में किया जा रहा पूर्व में गॉव में पानी के स्रोत तो उपलब्ध थे परन्तु उनका उपयोग कृषि कार्यों में नही हो पा रहा था। ग्राम पंचायत द्वारा गूल का निर्माण किया गया परन्तु सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं हो रहा था। कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत बिनसर गाड़ नामक गधेरे पर चौकडेम का निर्माण किया गया जिससे गदेरे के पानी को रोक कर लगभग 30000 ली0पानी को एकत्र कर उसे एक सिंचाई गूल के द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा बनी सिंचाई गूल से जोड़ा गया जिससे गॉव के खेतों को सिंचाई हेतु जल प्राप्त हो रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित 04 कि0मी0 लम्बी इस गूल से लगभग 80 परिवार लाभान्वित हो रहे है तथा जल की उपलब्धता के रहते पूर्ण परिश्रम एवं मेहनत से कृषि, उद्यान तथा पशुपालन का कार्य कर रहे है एवं अच्छा उत्पादन प्राप्त करके अधिक लाभ भी प्राप्त कर रहे है। पूर्व में पानी उपलब्ध न होने के कारण गॉव के अधिकांश कृषक खेती करना छोड़ चुके थे तथा जो खेती कर भी रहे थे वह अत्याधिक परिश्रम और लागत पश्चात् भी अनुकूल उत्पादन प्राप्त नहीं कर पा रहे थे।

ओछी राजनीति कर रहे हैं पालिकाध्यक्ष: चावला

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगरपालिका कार्यालय के सामने साईनबोर्ड लगाने के लिए बनाये गये फाउन्डेशन का व्यापारियों एवं कुछ सभासदों ने विरोध किया अब यह मामला तूल पकड़ने लगा है। वही व्यापार मंडल के महामंत्री संदीप चावला ने इसके लिए पालिकाध्यक्ष को पूर्ण जिम्मेदार ठहराया है। इस सम्बंध में व्यापाार मंडल के महामंत्री संदीप चावला ने पालिकाध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा वह केपीएस के कर्मचारियों को इस्तेमाल कर ओछी राजनीति कर रहे है। चावला ने नगर में होने वाली गंदगी के लिए पालिकाध्यक्ष को ही जिम्मेदार ठहराया है। संदीप चावला ने कहा कि यूनीपोल को लगाने की कोई आवश्यकता भी नहीं है सिर्फ व्यापारियों को परेशान करने एवं व्यक्तिगत लाभ लेने के चलते तानाशाही करने पर उतारू हैं। संदीप चावला ने कहा कि केपीएस के कर्मचारियों का इस मामले से कोई लेना देना नही है। चावला का आरोप है कि चेयरमैन के दबाव के चलते उनको बेवजह मोहरा बनाकर नगर की जनता को परेशान किया जा रहा है। चावला ने कहा कि चेयरमैन शायद भूल रहे है कि जनता ने ही उन्हें जनता के हितों के लिए बनाया है। चावला ने कहा कि व्यापार मंडल अपने व्यापारियों पर तनिक भी आंच नहीं आने देगा और व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा है। चावला ने प्रशासन से मांग की है इस मामले की निष्पक्षता से जांच की जाये और केपीएस कर्मी जितने दिन कार्य बहिष्कार करती है उसका वेतन रोका जाये। चावला ने कहा कि इसके बावजूद भीयदि जनता को परेशान करते हैं तो उनका ठेका निरस्त कर नई संस्था को ठेका दिया जाये। गदरपुर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण सफाई व्यवस्था चरमरा गई है जिसके चलते महामारी की आशंका से लोग आशंकित हैं।

ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज में सभी वाहनों पर लगाए रिफलेक्टर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल पंतनगर स्थित ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज में आयोजित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा फैक्ट्री परिसर में मौजूद सभी दो पहिया व चार पहिया वाहनों पर रिफलेक्टर लगाकर अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। फैक्ट्री की एचआर हेड मुक्ता टंडन, असिस्टेंट एचआर शिव नाथ दूबे वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी अरविंद दिवाकर तथा गौरव व्यास ने बताया कि सभी चालकों को यातायात नियमों का पूरा ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने वाहनों पर रिफलेक्टर लगाने का लाभ बताते हुए कहा कि इससे रात्रि में दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं बहुत कम हो जाती हैं। विशेषकर साइकिल पर सवार श्रमिकों का जीवन काफी सुरक्षित रहता है। उन्होंने बताया कि रात्रि में सड़क पर वाहन चलाने के दौरान पीछे से आ रहे वाहन चालक को रिफ्लेक्टर लगा होने से सामने जाता वाहन आसानी से नजर आ जाता है। इससे दुर्घटना नहीं होती है। उन्होंने फैक्ट्री के सभी वाहन चालकों को हर तरह के नशे से दूर रहकर वाहन चलाने के प्रति जागरूक भी किया। इस दौरान फैक्ट्री के प्रबंधक प्रबोध खेर,क्वालिटी मैनेजर नितिन, प्रोडक्शन मैनेजर संदीप सिंह, गौरव सिंह, बृजेश, गजेंद्र, रोबिन, रीमा आदि मौजूद थे।

पेज एक का शेष...

पहाड़ों नेओढ़ी बर्फ...संचालन ठप हो गया। लोखंडी समेत आसपास क्षेत्र में मौसम का दूसरा हिमपात होने से मसूरी- चकराता-त्यूणी राष्ट्रीय राजमार्ग बंद है। हाईवे पर चकराता से आगे धारनाधार- जाड़ी, लोखंडी-कोटी कनासर के बीच 15 किलोमीटर हिस्से में सड़क पर बर्फ की मोटी परत जम गई। बर्फबारी के चलते हाईवे बंद होने से सीमांत क्षेत्र के करीब 100 गांवों का सड़क संपर्क तहसील, ब्लाक व जिला मुख्यालय से कट गया। बर्फ से ढकी पहाड़ की ऊंची चोटियों से तलहटी में बसे निचले इलाकों में शीत लहर चल रही है। बर्फीली हवाओं से लोग ठंड में ठिठुर रहे हैं। सीमांत जिले पिथौरागढ़ के मुनस्यारी से मिली जानकारी के अनुसार उच्च हिमालय में सुबह से ही हिमपात हुआ। मुनस्यारी के निकट स्थित हंसलिंग, राजरंभा, पंचाचूली, सिदमधार, बृजगंग, नंदा देवी, नंदाकोट सहित मिलम व आसपास के क्षेत्रों में हिमपात हुआ। मुनस्यारी में न्यूनतम तापमान माइनस तीन तक पहुंच चुका है। दारमा और व्यास की चोटियों, आदि कैलास क्षेत्र में हिमपात हुआ है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिन प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला रहने का अनुमान है। चोटियों पर कहीं-कहीं भारी हिमपात हो सकता है। जबकि, मैदानों में वर्षा के भी आसार हैं। इस बीच कड़ाके की ठंड में इजाफा हो सकता है।

मोदी ने ७१ हजार युवाओं.. और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। पीएमओ ने आगे कहा कि देश भर से चयनित युवाओं को भारत सरकार के तहत जूनियर इंजीनियर, लोको पायलट, तकनीशियन, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, जूनियर एकाउंटेंट, ग्रामीण डाक सेवक, आयकर निरीक्षक, शिक्षक, नर्स, डाक्टर, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, पीए, एमटीएस जैसे विभिन्न पदों पर तैनाती दी जाएगी। बता दें प्रधानमंत्री ने पिछले साल 22 अक्टूबर को 10 लाख लोगों की भर्ती के लिए रोजगार मेला शुरू किया था और बेरोजगारी के मुद्दे पर विपक्ष की लगातार आलोचना के बीच पिछले आठ वर्षों में रोजगार सृजित करने के लिए अपनी सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया था।

बर्फबारी के बीच...बमुश्किल रेस्क्यू करके निकाला गया। बताया जा रहा है कि बर्फबारी होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कार के दरवाजे क्षतिग्रस्त होने के कारण पुलिस ने दरवाजे तोड़ कर युवकों को निकाला। तीन युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसमें एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। बताया गया है कि तीनों युवक देहरादून के एक कॉलेज के छात्र हैं। तीनों मसूरी धनोल्टी घूमने के लिए निकले थे।

४६३ पदों पर भर्ती का...अधियाचन भेजे जाएंगे। अब राज्य लोक सेवा आयोग उप निरीक्षक पुलिस, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के 221 पदों पर भर्ती की तैयारी कर रहा है। आयोग के मुताबिक, जल्द ही इसका विज्ञापन जारी कर दिया जाएगा। इन पदों पर भर्ती से पहले शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। इसके बाद चुने गए उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा होगी।

२१ ग्राम स्मैक...था।आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गयी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एएनटीएफ प्रभारी विजेन्द्र शाह, उपनिरीक्षक विनोद जोशी, उपनिरीक्षक जयप्रकाश, हेड कांस्टेबल आसिफ हुसैन, कांस्टेबल विनोद खत्री,हरीश गोस्वामी, महिला कांस्टेबल कंचन चौधरी आदि शामिल थे।

राजस्व बढ़ाने के लिए डीएम ने दिये दिशा निर्देश

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिला स्तरीय राजस्व संवर्धन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी नेउपस्थित संबंधित अधिकारियों को जनपद में राजस्व में बढ़ोतरी करने तथा कर चोरी रोकने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने स्तर पर यह आंकलन करें किपिछले पांच वर्ष में किस क्षेत्र में अधिक राजस्व संग्रहीत हुआ है तथा इसका भी आंकलन करें कि किस क्षेत्र में राजस्व संग्रह में कमी आई है जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य कर विभाग के अधिकारियों को कहा कि जनपद के बड़े ठेकेदार एवं व्यापारियों के जीएसटी आदि का समय समय पर जांच करते रहें। इस दौरान उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समय समय पर जीएसटी संबंधी कार्यशाला भी आयोजित की जाए, जिसमें उन्हें आईटीआर दाखिल करने जैसे विभिन्न प्रक्रियाओं को बताया जाए। इस दौरानजिलाधिकारी ने परिवहन विभाग, आबकारी विभाग को भी प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में आबकारी निरीक्षिकों द्वारा की जा रही जांच एवं प्रवर्तन की कार्यवाहियों की मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।बैठक में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डॉ गुरुदेव सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मंडल अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

गरुड़(उद संवाददाता)। भाजपा गरुड़ मंडल के अध्यक्ष बनने के बाद मंडल अध्यक्ष मंगल राणा का भाजपा पार्टी कार्यालय गरूड़ में स्वागत किया गया।स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से नवागत मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व भाजपाजिला अध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, इंद्र सिंह बिष्ट, महेश ठाकुर,सुनील दोसाद,मंडल महामंत्री डीके जोशी,लखवेंदर थायत आदि मौजूद थे।

95 लीटर कच्ची शराब समेत दो तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। अवैध कच्ची शराब के ठिकाने पर दबिश देकर पुलिस ने हजारों लीटर लहन नष्ट करते हुए दो कारोबारियों को दबोच कर उनके कब्जे से 95 लीटर जहरीली शराब बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद पकड़े गए शराब कारोबारियों का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी पुलिस को पिछले काफी समय से सूचना मिल रही थी कि गुलजारपुर के जंगल में कुछ लोग अवैध कच्ची शराब की कसीदगी में लिप्त हैं। इसी सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने उपरोक्त स्थान पर छापामारी कर हजारों लीटर लहन नष्ट करते हुए मौके से ग्राम गोबरा, बनगढ, बाजपुर निवासी राकेश सिंह पुत्र जगजीत सिंह तथा यही कि रघुवीर सिंह पुत्र प्यारा सिंह को दबोच कर दोनों के कब्जे से क्रमश: 50 व 45 लीटर जहरीली कच्ची शराब बरामद किया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने मौके से शराब बनाने के उपकरण 2 लोहे के ड्रम ,2 प्लास्टिक पाइप ,2 एल्यूमीनियम पाइप ,2 मिट्टी की हांडी, 1 कनस्टर,1 प्लास्टिक का डिब्बा कब्जे में लेते हुए पकड़े गए शराब कारोबारियों को कोतवाली लाकर जरूरी पूछताछ के बाद उनका धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
DIWALI DHAMAKA Sale

गुरू मां

अब मिलेगा Online से भी सस्ता

NO COST EMI

ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS

UPTO 55% OFF

UPTO 25% ADD CASHBACK

LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए

MRP - ₹59,990/- OFFER - ₹32,990/- 45% Off
JSW55ASUHD
55 INCH FULL UHD 4K ANDROID TV
10% Add. Cashback Upto ₹5000

MRP - ₹70,900/- OFFER - ₹44,990/- 37% Off
55AU7600
55 INCH FULL UHD 4K SMART TV
12.5% Add. Cashback Upto ₹7000

MRP - ₹99,900/- OFFER - ₹68,390/- 32% Off
55X75K
55 INCH ANDROID Google TV
10% Add. Cashback Upto ₹5000

MRP - ₹1,39,900/- OFFER - ₹90,240/- 35% Off
65X75K
65 INCH ANDROID Google TV
10% Add. Cashback Upto ₹5000

MRP - ₹21,990/- OFFER - ₹11,990/- 45% Off
JSFT32SKHD
32 INCH HD SMART TV
10% Add. Cashback Upto ₹1500

MRP - ₹24,990/- OFFER - ₹16,500/- 34% Off
32T390
32 INCH HD SMART TV
5% Add. Cashback Upto ₹1500

MRP - ₹54,999/- OFFER - ₹38,999/- 30% Off
REDMIX55
55 INCH 4K UHD SMART TV
10% Add. Cashback Upto ₹3000

MRP - ₹24,990/- OFFER - ₹12,500/- 50% Off
325A
32 INCH HD SMART TV
10% Add. Cashback Upto ₹1500

MRP - ₹18,900/- OFFER - ₹10,999/- 37% Off
32Y1
32 INCH HD SMART TV
10% Add. Cashback Upto ₹1500

MRP - ₹89,990/- OFFER - ₹44,990/- 50% Off
58US900C
58 INCH UHD 4K SMART TV
10% Add. Cashback Upto ₹6000

MRP - ₹1,10,990/- OFFER - ₹54,990/- 50% Off
AM65UHI
65 INCH FULL UHD 4K SMART TV
10% Add. Cashback Upto ₹5000

MRP - ₹86,990/- OFFER - ₹42,990/- 51% Off
55US850C
55 INCH UHD 4K SMART TV
10% Add. Cashback Upto ₹6000

MRP - ₹84,990/- OFFER - ₹59,990/- 29% Off
65U1S
65 INCH UHD 4K SMART TV
10% Add. Cashback Upto ₹3000

MRP - ₹96,990/- OFFER - ₹44,990/- 54% Off
AM58UHI
58 INCH FULL UHD 4K SMART TV
10% Add. Cashback Upto ₹6000

वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स

20% Off
FL-EXECUTIVE SXS 8.0 KG
8 Kg Front Load Washing Machine

19% Off
FL-SENATOR MXS 8.0 KG
8 Kg Front Load Washing Machine

MRP - ₹21,550/- OFFER - ₹16,380/- 24% Off
TL-RES 6.5 KG
SEMI AUTOMATIC WASHING MACHINE

MRP - ₹24,400/- OFFER - ₹15,990/- 34% Off
WA65A4202VS
TOP LOAD FULLY AUTOMATIC WASHING MACHINE

MRP - ₹34,990/- OFFER - ₹26,990/- 23% Off
TL9LBS9.0KG
TOP LOAD FULLY AUTOMATIC WASHING MACHINE

MRP - ₹67,490/- OFFER - ₹50,990/- 24% Off
WDREXECUTIVEZXS8.5/6.5
FRONT LOAD FULLY AUTOMATIC WASHING MACHINE

JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड

ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए

MRP - ₹36,080/- OFFER - ₹25,200/- 30% Off
Neofresh 265L 2 Star Glass Finish Frost Free Double

MRP - ₹20,950/- OFFER - ₹14,800/- 29% Off
DIRECT COOL REFRIGERATOR
RR21A2G2YCR
12.5% Add. Cashback Upto ₹3000

MRP - ₹46,300/- OFFER - ₹31,580/- 39% Off
FROST FREE REFRIGERATOR
RT34T4522S8
12.5% Add. Cashback Upto ₹7500

MRP - ₹51,300/- OFFER - ₹38,475/- 25% Off
Protton 338L Frost Free Three- Door Refrigerator

MRP - ₹1,02,670/- OFFER - ₹77,153/- 25% Off
Series 6 free-standing fridge-freezer with freezer
KGN56LB41I

MRP - ₹1,12,990/- OFFER - ₹74,000/- 35% Off
SIDE BY SIDE REFRIGERATOR
RF57A5232SL
12.5% Add. Cashback Upto ₹7500

आपके किचन की बढ़ाये शान

MRP - ₹32,900/- OFFER - ₹18,900/- 43% Off
MICROWAVE OVEN MC32A7056CB

MRP - ₹17,990/- OFFER - ₹12,300/- 32% Off
MICROWAVE OVEN MC28A5033CK

MRP - ₹15,990/- OFFER - ₹11,500/- 28% Off
MICROWAVE OVEN 23BC4

MRP - ₹16,190/- OFFER - ₹11,990/- 26% Off
MICROWAVE OVEN 25BC3

सबसे कम दाम गारंटीड

32% Off
MRP - ₹12,900/- OFFER - ₹9,490/-
WET&DRY VACUUM CLEANER

38% Off
MRP - ₹24,000/- OFFER - ₹14,990/-
ENHANCE DXT RO+UV

37% Off
MRP - ₹19,000/- OFFER - ₹11,990/-
ELEGANT RO+UV+TDS

दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम

50% Off
MRP - ₹12,800/- OFFER - ₹5,990/-
15 L GEYSER ECPRO15L

46% Off
MRP - ₹13,900/- OFFER - ₹6,990/-
25L GEYSER ECPRO25L

40% Off
MRP - ₹13,200/- OFFER - ₹7,900/-
15L GEYSER TROICA15L
HAVELLS

डील्स ऐसी, जो कही ना मिले

WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*

LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*

REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*

BAJAJ FINSERV HDB FINANCIAL SERVICES

आधार लाये, उधार ले जाएँ

EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*

EASY EMI
OPTION AVAILABLE

IndusInd Bank Standard Chartered YES BANK CREDIT CARDS citi HDFC BANK ICICI Bank AMERICAN EXPRESS AXIS BANK Bank of Baroda

*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange

HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434

KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231

RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230

MORADABAD
Moradabad +91 7017558272

KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)

HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704

GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)